

Subscribe Amar Bhaskar News @amarbhashkarnews Amar bhashkar

हिन्दी दैनिक

# अमर भास्कर

ज़िद सच की

बरेली, मुरादाबाद, अलीगढ़, आगरा, बस्ती, सहारनपुर मंडल, दिल्ली एनसीआर, उत्तराखंड एवं राजस्थान में प्रसारित




762 निकायों में ओटीएस लागू, तीन किस्तों में जमा.......०1

Email- amarbhashkar21@gmail.com, www.amarbhashkar.in

राहुल गांधी बोले- पैलेट गन पर गृहमंत्री अमित शाह........०1

वर्ष: ०4 अंक: 36 बदायूं, मंगलवार 11 अगस्त 2026 पृष्ठ- ०8 मूल्य- 4.०० रूपये

# जेपी नड्डा बोले-जंतर-मंतर में नहीं चली गोली

## कांग्रेस समेत पूरा विपक्ष संसद नहीं चलने दे रहा

**दिल्ली।** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री और भाजपा नेता जेपी नड्डा ने सोमवार को दिल्ली में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी पर संसद की कार्यवाही बाधित करने का आरोप लगाया। उन्होंने राहुल गांधी को सदन में आने और चर्चा करने की चुनौती देते हुए कहा कि सरकार चर्चा के लिए तैयार है और उन्हें उचित जवाब दिया जाएगा। नड्डा ने जंतर-मंतर की घटना को लेकर भी स्पष्ट किया कि वहां कोई गोली नहीं चली और न ही गोली चलाने का कोई आदेश दिया गया था।



जेपी नड्डा ने राहुल गांधी को एक बार फिर चुनौती देते हुए कहा कि वह सदन में आएं। नड्डा के मुताबिक, सरकार चर्चा के लिए तैयार है और राहुल गांधी को इसका उचित जवाब मिलेगा। उन्होंने साथ ही गलत सूचना फैलाने से बचने की अपील की। नड्डा ने कहा कि विपक्ष ने नीट के मुद्दे पर चर्चा की मांग की थी और सदन में इस पर विस्तृत चर्चा भी हुई, लेकिन जब सरकार के जवाब देने की बारी आई तो वे सदन से बाहर चले गए।

नड्डा ने महंगाई के मुद्दे का भी जिक्र करते हुए कहा कि विपक्ष ने कीमतों में बढ़ोतरी पर चर्चा की मांग की थी और सरकार ने इस पर चर्चा कराई। उन्होंने आरोप लगाया कि जब सरकार जवाब दे रही थी, तब कांग्रेस के सदस्य सदन में मौजूद रहने का साहस तक नहीं दिखा सके। उन्होंने कहा कि यह कांग्रेस का इतिहास और रिकॉर्ड रहा है। नड्डा के मुताबिक, विपक्ष ने जिन भी राजनीतिक मुद्दों पर चर्चा की मांग की, सरकार ने हमेशा उन्हें चर्चा के लिए आमंत्रित किया और कहा कि वह हर मुद्दे पर चर्चा के लिए तैयार है। नड्डा ने जंतर-मंतर की घटना को लेकर कहा कि वहां कोई गोली नहीं चलाई गई थी और न ही गोली चलाने का कोई आदेश दिया गया था। उन्होंने राहुल गांधी पर इस मुद्दे को लेकर जनता और देश को गुमराह करने का आरोप लगाया।

नड्डा ने कहा कि राहुल गांधी संसद और राष्ट्रीय विमर्श में रोजाना मुद्दे बदल रहे हैं। उनके अनुसार, संसद सत्र की शुरुआत में राहुल गांधी पर चर्चा की मांग की थी। सरकार के सहमत होने के बाद मुद्दा राम मंदिर ट्रस्ट की ओर चला गया। इसके बाद जंतर-मंतर की घटना पर गृह मंत्री से बयान देने की मांग की गई। जेपी नड्डा ने कहा कि जंतर-मंतर के मुद्दे पर चर्चा तय होने के बाद भी राहुल गांधी गलत जानकारी देकर जनता को गुमराह कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि गृह मंत्री हर सवाल का जवाब देने के लिए तैयार हैं।

### छात्रों के समर्थन में भाजपा का बड़ा एलान, आज रांची बंद का आह्वान

**रांची।** झारखंड लोक सेवा आयोग और झारखंड कर्मचारी चयन आयोग की परीक्षाओं में अनियमितताओं को लेकर आंदोलन कर रहे छात्रों के समर्थन में भाजपा ने रांची बंद का आह्वान किया है। भाजपा की ओर से मंगलवार यानी 11 अगस्त को रांची बंद बुलाया गया है। गौरतलब है कि झारखंड में पिछले दो सप्ताह से अधिक समय से छात्र भर्ती परीक्षाओं में धांधली के आरोपों, परीक्षा रद्द करने और पूरे मामले की सीबीआई जांच कराने की मांग को लेकर आंदोलनरत हैं। छात्रों के आंदोलन के बीच भाजपा ने उनके समर्थन में 11 अगस्त को रांची बंद का आह्वान किया है।

# राहुल गांधी बोले- पैलेट गन पर शाह जवाब दें

## पीएम मोदी और गृहमंत्री अमित शाह संसद में आकर जवाब क्यों नहीं देते

**दिल्ली।** संसद में केंद्र सरकार और विपक्ष के बीच जारी गतिरोध का हल निकलता नहीं नजर आ रहा है। इस बीच लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने छात्रों पर दिल्ली पुलिस की कार्रवाई को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर निशाना साधा। राहुल गांधी ने कहा कि छात्रों पर कार्रवाई के लिए पीएम मोदी और अमित शाह को माफी मांगनी पड़ेगी।



कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा, प्रधानमंत्री मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के अंदर संसद आकर जवाब देने की हिम्मत नहीं है। उन्होंने अमित शाह से सवाल किया कि छात्रों पर गोली चलाने का आदेश किसने दिया। उन्होंने कहा कि छात्रों पर पैलेट गन के इस्तेमाल को लेकर अमित शाह को संसद में जवाब देना चाहिए। राहुल गांधी ने राम मंदिर चढ़ावा चोरी के मुद्दे पर भी बात की। उन्होंने कहा कि हम संसद में इस पर चर्चा चाहते हैं।

राहुल गांधी के बयान पर केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने पलटवार किया। उन्होंने कहा, मैंने स्पष्ट रूप से कहा है कि सरकार नीट को लेकर छात्रों के विरोध प्रदर्शन पर चर्चा करने के लिए पूरी तरह तैयार है। गृह मंत्री अमित शाह संसद में इसका पूरा जवाब देने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध और तैयार हैं। राहुल गांधी ने कहा, गृह मंत्री अमित शाह में संसद में आकर हमारे सामने खड़े होने की हिम्मत नहीं है। पिछले 15 दिनों में उन्होंने यही दिखाया है। न तो नरेंद्र मोदी और न ही अमित शाह में इतनी हिम्मत है। किसी को उनकी राय में कोई दिलचस्पी नहीं है, हम बस यह जानना चाहते हैं कि गोली चलाने का आदेश किसने दिया, और अगर उन्होंने आदेश नहीं दिया, तो गृह मंत्रालय में किसने आदेश दिया? हम यह समझना चाहते हैं। क्या यह गलती है या अक्षमता? वहीं कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि विपक्षी दल 2० जुलाई से शुरू हुए संसद सत्र में लगातार अपनी मांगें उठा रहे हैं।

## एक नजर

### कोलंबिया में भीषण भूकंप से तबाही: कम से कम 47 लोगों की मौत

**कोलंबिया।** में शक्तिशाली भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। यूरोपीय-भूमध्यसागरीय भूकंप विज्ञान केंद्र के अनुसार, भूकंप की प्रारंभिक तीव्रता 7.4 थी और इसका केंद्र 115 किलोमीटर की गहराई में था। भूकंप के झटके राजधानी बोगोटा समेत कई इलाकों में महसूस किए गए। जिसके झटके पड़ोसी देश इक्वाडोर तक महसूस किए गए।

भूकंप के बाद लोगों में अफरा-तफरी मच गई और कई लोग अपने घरों व इमारतों से बाहर निकल आए। ताजा जानकारी के अनुसार, इस हादसे में कम से कम 47 लोगों की मौत हो गई है, जबकि कई अन्य लोगों के इमारतों के मलबे के नीचे फंसे होने की आशंका है। भूकंप के झटके राजधानी बोगोटा तक महसूस किए गए, जिसके बाद कई लोगों को अपने घर खाली करने पड़े।

स्थानीय अधिकारियों के अनुसार, पेरेइरा शहर में 18 लोगों की मौत हुई है, जबकि मनीजालेस में दो लोगों की जान गई। पश्चिमी कोलंबिया के कई शहरों में इमारतें ढहने के बाद लोग मलबे को हटाकर उसमें फंसे लोगों की तलाश कर रहे हैं। अधिकारियों ने आफ्टरशॉक्स की आशंका को देखते हुए भी लोगों को सतर्क रहने को कहा है। कोलंबिया के तीसरे सबसे बड़े शहर कैली में भूकंप के बाद कई जगह धूल के गुबार उठते दिखाई दिए। 64 वर्षीय टैक्सी चालक जॉर्ज मोंकायो ने बताया कि उन्होंने पहाड़ी इलाके से शहर में इमारतों को गिरते देखा। उन्होंने कहा कि उनका पूरा घर हिल गया और उन्होंने इससे पहले इतना शक्तिशाली भूकंप कभी महसूस नहीं किया था। कैली के मेयर अलेजांद्रो एदेर के अनुसार, शहर में कम से कम 19 ढही इमारतों में लोग फंसे हुए थे। राहत और बचाव दल मलबे में लोगों की तलाश में जुटे हैं। कॉफी उत्पादन वाले पहाड़ी इलाके में बसे मनीजालेस शहर में नियो-गॉथिक कैथेड्रल के एक टावर का हिस्सा ढहकर मुख्य प्रार्थना कक्ष पर गिर गया। मेयर जॉर्ज एडुआर्डो रोजास ने बताया कि भूकंप के कारण शहर में दो लोगों की मौत हुई।

# 762 निकायों में ओटीएस लागू, 15 अगस्त से बकाया संपत्ति कर तीन किस्तों में जमा कर सकेंगे

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रदेश के नगरीय निकायों को आर्थिक रूप से सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। योगी सरकार ने प्रदेश के सभी 762 नगरीय निकायों में लंबित संपत्ति कर यानी गृहकर, जलकर एवं सीवरकर की प्रभावी वसूली के लिए एकमुश्त समाधान योजना (ओटीएस) लागू करने का निर्णय लिया गया है। सरकार की इस पहल से लंबे समय से संपत्ति कर के बकाये में फंसे लाखों करदाताओं को राहत मिलने के साथ ही नगरीय निकायों की वित्तीय स्थिति भी मजबूत होगी।



योजना का लाभ प्रदेश के 17 नगर निगम, 2०० नगर पालिका परिषद और 545 नगर पंचायतों में लंबित संपत्ति कर के बकायेदारों को मिलेगा। सरकार का उद्देश्य पुराने कर बकायों का सरल एवं व्यावहारिक तरीके से निस्तारण कराना, करदाताओं पर आर्थिक दबाव कम करना और कर संबंधी न्यायालयीय विवादों में कमी लाना है।

एकमुश्त समाधान योजना की अवधि चार माह निर्धारित की गई है और इसका क्रियान्वयन 15 अगस्त 2026 से 15 दिसंबर 2026 तक किया जाएगा। नगरीय निकायों द्वारा 15 अगस्त से 14 सितंबर 2026 के बीच सभी संबंधित करदाताओं एवं हितधारकों को योजना की जानकारी उपलब्ध कराने के साथ ही व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किया जाएगा। जिससे अधिक से अधिक पात्र करदाता योजना का लाभ उठा सकें।

वहीं करदाताओं को राहत देने के उद्देश्य से सरकार ने ओटीएस के अंतर्गत बकाया संपत्ति कर के भुगतान के लिए अधिकतम तीन किस्तों की सुविधा भी प्रदान की है। करदाता को योजना लागू होने की तिथि से 3० दिन के भीतर कुल बकाये की एक-तिहाई धनराशि जमा करनी होगी। बाकी शेष दो-तिहाई धनराशि अगले दो माह में दो मासिक किस्तों के माध्यम से जमा की जा सकेगी। इस प्रकार योजना के अंतर्गत देय संपूर्ण धनराशि का भुगतान अधिकतम तीन माह की अवधि में अनिवार्य रूप से पूरा करना होगा।

नगर विकास मंत्री अरविंद कुमार शर्मा ने बताया कि प्रदेश सरकार नगरीय निकायों को आर्थिक रूप से सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने के साथ नागरिकों को बेहतर नगरीय सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए लगातार प्रयास कर रही है।

# प्रदेश के मदरसों में भी मनाया जाएगा हर घर तिरंगा अभियान

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री, (अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज विभाग) दानिश आजाद अंसारी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के आह्वान तथा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में चलाए जा रहे 'हर घर तिरंगा' अभियान को प्रदेश के सभी मदरसों तक पहुंचाने के लिए प्रमुख सचिव, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करने के निर्देश दिए हैं। राज्यमंत्री ने कहा कि 'हर घर तिरंगा' अभियान केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि राष्ट्र के प्रति सम्मान, गौरव, एकता और अखंडता की भावना को मजबूत करने वाला जन अभियान है। प्रधानमंत्री ने देशवासियों से इस अभियान से जुड़ने का आह्वान किया है। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रदेश के सभी मदरसों में छात्र-छात्राओं युवाओं को अभियान से जोड़ा जाए तथा तिरंगा फहराने, राष्ट्रगान, देशभक्ति से जुड़े कार्यक्रमों और स्वतंत्रता संग्राम के महान सेनानियों के योगदान पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। दानिश आजाद अंसारी ने कहा कि 'हर घर तिरंगा' अभियान के माध्यम से मदरसों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों में देशभक्ति, राष्ट्रीय एकता और संवैधानिक मूल्यों के प्रति सम्मान की भावना और मजबूत होगी। उन्होंने कहा कि तिरंगा हमारी आन, बान और शान का प्रतीक है।

# झारखंड छात्र आंदोलन में फिर बढ़ा तनाव, प्रदर्शनकारियों पर दोबारा लाठीचार्ज

## हमारी आवाज को दबाया जा रहा है: छात्र नेता

**रांची।** झारखंड में छात्र आंदोलन के दौरान एक बार फिर पुलिस ने प्रदर्शनकारियों पर लाठीचार्ज किया। जेपीएससी-जेएसएससी की मांगों को लेकर जारी प्रदर्शन के बीच पुलिस कार्रवाई से मौके पर तनाव बढ़ गया।



रांची में प्रदर्शन कर रहे छात्र विधानसभा के गेट नंबर एक पर पहुंच चुके हैं। यहां छात्रों ने धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया है। मौके पर पुलिस बल तैनात है। स्थिति को नियंत्रित करने के प्रयास जारी हैं। सीएम छात्रों के आने से पहले विधानसभा से निकल चुके थे। सीएम के निकलने के बाद सुरक्षा बल भी जब सुस्त हुए तो छात्रों का सैलाब विधानसभा की ओर मार्च किया और एक निम्बर गेट कर आ धमाके। सुरक्षा में तैनात पुलिस कर्मियों ने भी छात्रों के जनसैलाब को रोकने की हिम्मत नहीं की क्योंकि सुरक्षा कर्मियों से अधिक छात्रों की संख्य थी। छात्र विधानसभा गेट नंबर एक पर बीच सड़क पर धरने पर बैठ गए हैं। यहां पर राज्य सरकार के खिलाफनारेबाजी और भारत माता की जय के नारे लगाए जा रहे हैं। बीच सड़क कर धरना पर बैठे छात्रों ने कहा कि अब यहीं पर हम लोग रहेंगे, जब तक मुख्यमंत्री छात्रों की मांगों को नहीं सुनते हैं तब तक यहीं पर धरना जारी रहेगा।

रांची सिटी पारस राणा ने बताया कि 9० फीसदी छात्र शांतिपूर्ण तरीके से प्रदर्शन कर रहे हैं , लेकिन 1०: किसी की बात नहीं मान रहे हैं। अगर भीड़ में 7००-1००० छात्र किसी की बात नहीं सुन रहे हैं, यहां तक कि अपने प्रतिनिधियों की भी नहीं, और उन्होंने बैरिकेडिंग तोड़ दी है। बैरिकेडिंग को धकेलते हुए तीन पुलिसकर्मियों को कुचल दिया है। फिर भी पुलिसकर्मियों ने संयम बरता है। उन्होंने पुलिस बल पर पत्थर भी फेंके हैं। फिर भी, हमने बहुत कम समय के लिए ही सख्ती दिखाई क्योंकि वे सभी छात्र हैं। हम सभी से शांति बनाए रखने और हिंसा न करने की अपील कर रहे हैं।

छात्र नेता देवेंद्र नाथ महतो ने कहा कि इस विधानसभा मार्च में छात्रों का दर्द देखा जा सकता है। 9 दिन की भूख हड़ताल के बाद भी, मैं एम्बुलेंस से यहां आया हूँ और स्ट्रेचर पर इस मार्च का हिस्सा बना हूं। लेकिन यह सरकार हमारी आवाज दबा रही है और वॉटर कैनन व आंसू गैस के गोले इस्तेमाल कर रही है। यह निंदनीय है। सरकार डरी हुई है, यह कायर सरकार है। सरकार जब-जब डरती है, तब-तब पुलिस को आगे करती है... हम आगे बढ़ते रहेंगे।

# संसद में गतिरोध पर खरगे का पीएम मोदी-शाह पर हमला

**दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सोमवार को संसद के दोनों सदनों में जारी गतिरोध को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार संसद को चलाने के लिए जरूरी चर्चा से बच रही है और विपक्ष के सवालों का जवाब नहीं दे रही है। खरगे ने कहा कि विपक्ष बहस चाहता है और उसकी मांग सिर्फ इतनी है कि गृह मंत्री अमित शाह छात्रों के साथ कथित अन्याय और ज्यादती के मुद्दे पर सदन में बयान दें।



खरगे ने कहा कि विपक्ष पिछले 17 दिनों से अमित शाह से सदन में आकर छात्रों के साथ हुए कथित अन्याय और ज्यादती पर बयान देने की मांग कर रहा है। उन्होंने सवाल उठाया कि सरकार दूसरे मुद्दों पर बयान देती है, लेकिन इस मामले पर चर्चा क्यों नहीं करना चाहती। खरगे के मुताबिक, विपक्ष केवल बयान और चर्चा की मांग कर रहा है।

कांग्रेस अध्यक्ष ने दावा किया कि दोनों सदनों के कामकाज में बाधा के लिए सरकार जिम्मेदार है। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी और गृह मंत्री शाह को इसके लिए जिम्मेदार ठहराया। खरगे ने कहा कि विपक्ष बहस चाहता है, लेकिन सरकार इस मुद्दे पर जवाब नहीं दे रही। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार छात्रों और युवाओं की समस्याओं का समाधान नहीं करना चाहती। खरगे ने प्रधानमंत्री संसद की अनदेखी करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि सदन में जवाब देने के बजाय प्रधानमंत्री रात में इंस्टाग्राम पर रील बना रहे हैं। उन्होंने इसे सांसदों और जनता का अपमान बताया और आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री और गृह मंत्री सदन को सुचारू रूप से चलाना नहीं चाहते। खरगे ने कहा कि सरकार को या तो सदन में आकर बयान देना चाहिए या फिर इस्तीफा देना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री मोदी और अमित शाह घर से सरकार चला रहे हैं। उन्होंने यह भी दावा किया कि विपक्ष के बोलने पर सदन में हंगामा कराया जाता है। खरगे ने राज्यसभा के सभापति को लेकर भी नाराजगी जताई। उन्होंने आरोप लगाया कि जब विपक्ष अपनी बात रखने की कोशिश करता है तो उसे पर्याप्त समय नहीं मिलता और सदन स्थगित कर दिया जाता है। उन्होंने कहा कि विपक्षी सांसदों को सदन में अपनी आवाज उठाने का मौका मिलना चाहिए। लोकसभा और राज्यसभा में विपक्ष 2० जुलाई को पेपर लीक के मुद्दे पर हुए छात्र प्रदर्शन के दौरान कथित पुलिस ज्यादती को लेकर अमित शाह से बयान की मांग कर रहा है।

### राहुल बोले- झारखंड सरकार को इन छात्रों की बात सुननी चाहिए

**दिल्ली।** कांग्रेस नेता ने 'एक्स' पर पोस्ट कर झारखंड सरकार से प्रदर्शनकारी छात्रों की बात सुनने और उनकी समस्याओं का तत्काल समाधान करने की अपील की। उन्होंने कहा कि झारखंड में विरोध-प्रदर्शन कर रहे छात्रों के खिलाफ बल का इस्तेमाल गलत है। छात्रों को शांतिपूर्ण विरोध का अधिकार है और बातचीत से ही समाधान निकल सकता है। झारखंड सरकार को इन छात्रों की बात सुननी चाहिए और हर समस्या का तुरंत समाधान करना चाहिए। इससे पहले भी राहुल गांधी ने झारखंड में आंदोलन कर रहे छात्रों की मांगों का समर्थन किया था।

## आंखों के उपचार के लिए विदेश जा सकेंगे अभिषेक बनर्जी: सुप्रीम कोर्ट

**दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सांसद अभिषेक बनर्जी को राहत दी है। शीर्ष कोर्ट ने उन्हें आंखों के इलाज के लिए तीन हफ्ते विदेश जाने की अनुमति दी। अभिषेक बनर्जी ने कलकत्ता हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती दी थी।

कलकत्ता हाईकोर्ट ने अभिषेक बनर्जी की यह कहते हुए याचिका खारिज कर दी थी कि वह एसएसकेएम अस्पताल के मेडिकल बोर्ड के सामने अपनी मेडिकल जांच कराने के लिए तैयार नहीं थे। कोर्ट का कहना था कि मेडिकल बोर्ड की विशेषज्ञ राय के आधार पर ही विदेश जाकर इलाज कराने की जरूरत का आकलन किया जा सकता है।

हाईकोर्ट ने कहा था कि डायमंड हार्बर के सांसद अभिषेक बनर्जी अपनी मेडिकल स्थिति की जांच के लिए अगले दिन कोलकाता के एसएसकेएम अस्पताल में गठित मेडिकल बोर्ड के सामने पेश होने को तैयार नहीं थे।

याचिका खारिज करते हुए हाई कोर्ट ने कहा, आवेदक (बनर्जी) की ओर से दी गई दलील को देखते हुए कि वे कोलकाता के एसएसकेएम अस्पताल में मेडिकल बोर्ड के सामने पेश नहीं होंगे, यह कोर्ट मानती है कि इस याचिका के जरिए उठाया गया मुद्दा अब और लंबित नहीं रखा जाना चाहिए। हाईकोर्ट ने कहा कि अगर अभिषेक बनर्जी मेडिकल बोर्ड के सामने पेश होते, तो मेडिकल विशेषज्ञों की राय के आधार पर अदालत यह जांच कर सकती थी कि उन्हें आंखों के इलाज के लिए विदेश जाने की वास्तव में जरूरत है या नहीं। हाईकोर्ट ने पहले कहा था कि जांच जारी रहने के दौरान वह याचिकाकर्ता को विदेश यात्रा की अनुमति देने के पक्ष में नहीं है।

# बीएचयू में 19 अगस्त को होगा रामायणी सम्मान समारोह

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**आगरा।** गोस्वामी तुलसीदास जयंती के अवसर पर 19 अगस्त 2026 को वाराणसी के बीएचयू स्थित मालवीय मूल्य अनुशीलन केंद्र में भव्य 'रामायणी सम्मान' समारोह आयोजित होगा। रामायण रिसर्च काउंसिल भारतीय अध्ययन केंद्र के सहयोग से देशभर की 28 विभूतियों को इस राष्ट्रीय सम्मान से नवाजेगा। इस सूची में प्रख्यात भजन गायक अनूप जलोटा और अनुराधा पौडवाल के साथ-साथ आगरा के लॉयर्स कॉलोनी निवासी पंडित योगेश चंद्र शर्मा योगी का नाम भी शामिल है। समारोह के संयोजक और रामायण रिसर्च काउंसिल के ट्रस्टी, आगरा के अशोक नगर निवासी रिटायर्ड पै डॉ. देव दत्त शर्मा ने बताया कि पं. योगेश चंद्र शर्मा पिछले 5 दशक से







राम कथा, सुंदरकांड वाचन और साहित्य सेवा से जुड़े हैं। वे आईएएस से वरिष्ठ अधिकारी के पद से सेवानिवृत्त हैं और राम काव्य के मर्मज्ञ माने जाते हैं। आगरा के साथ-साथ देश के विभिन्न प्रांतों में उन्होंने सुंदरकांड का समधुर वाचन कर हजारों लोगों को रामचरितमानस से जोड़ा है। इस वर्ष सम्मान के लिए 7 श्रेणियां रखी गई थीं

रामायण शोध सम्मान, रामकथा वाचन सम्मान, रामायण साहित्य सम्मान, रामायण संगीत सम्मान, बाल रामायणी सम्मान, राष्ट्रसेवा रामायणी सम्मान और श्रीसीताराम-पथिक सम्मान। 9 जुलाई से 26 जुलाई तक चली नामांकन प्रक्रिया में गूगल फॉर्म, ई-मेल और कूरियर से देशभर से 250 से अधिक आवेदन आए। चयन समिति ने गहन परीक्षण के बाद 28 नाम अंतिम किए। इन 28 विभूतियों को मिलेगा सम्मान

अनूप जलोटा जी - भजन सम्राट , अनुराधा पौडवाल जी - सुप्रसिद्ध गायिकर, योगेश चंद्र शर्मा योगी - आगरा, यूपी, स्व. किशोर कुणाल जी - पटना, बिहार - मरणोपरांत, पुत्र सायन कुणाल लेंगे, डॉ. अर्चना प्रकाश - लखनऊ, डॉ. अवधि हरि - लखनऊ, डॉ. उदय प्रताप सिंह - वाराणसी, आचार्य संतोष पांडेय - राजस्थान, मदगुल्ला प्रफुल्ला - आंध्र प्रदेश, डॉ. चंद्र प्रभा मदान - हरियाणा सहित अन्य 21 विभूतियां। पूरी सूची में बिहार, यूपी, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, दिल्ली, झारखंड आदि राज्यों के साहित्यकार, कथावाचक, शोधकर्ता और कलाकार शामिल हैं। काउंसिल के बोर्ड ऑफ ट्रस्टी के अध्यक्ष और नैनीताल-उधमसिंहनगर सांसद अजय आयोजित समारोह में सहभागिता का आग्रह किया है।

# तमिलनाडु एक्सप्रेस ट्रॉली बैग हत्याकांड शव के 12 टुकड़े

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**आगरा।** आगरा में तमिलनाडु एक्सप्रेस से मिले ट्रॉली बैग हत्याकांड में पुलिस को अब तक का सबसे बड़ा सुराग मिला है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में पुष्टि हुई है कि बैग में मानव शरीर के 12 टुकड़े रखे थे। हत्या के बाद शव को कटर जैसी धारदार चीज से छोटे-छोटे टुकड़ों में काटा गया था। जीआरपी के लिए ये केस अब राष्ट्रीय स्तर की चुनौती बन गया है। पुलिस चेन्नई से आगरा तक 300 से ज्यादा सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल चुकी है। 1. 12 टुकड़े शव को बेहद शातिराना तरीके से काटकर ट्रॉली बैग में भरा गया था।

2. तेजाब से जलाने के निशानरू हाथ, पैर और पसलियों के कुछ हिस्सों पर तेजाब डालकर जलाने की आशंका जताई गई है ताकि शिनाख्त न हो सके।

3. शरीर का 1/3 हिस्सा बरामद अंग





पूरे शरीर का लगभग एक तिहाई हिस्सा ही हैं। बाकी हिस्सों को आरोपियों ने कहीं और ठिकाने लगाया है। शव महिला का है या पुरुष का, ये डीएनए जांच के बाद ही स्पष्ट होगा। इसके लिए सैंपल फोरेंसिक लैब भेजे गए हैं। जांच का दायरा अब चेन्नई तक पहुंच गया है। जीआरपी की टीम चेन्नई रेलवे स्टेशन पहुंची है।

खुलासा चेन्नई स्टेशन के सीसीटीवी फुटेज में एक संदिग्ध युवक और युवती दिखाई दिए हैं। दोनों के हाथ में वही काले रंग का ट्रॉली बैग था जैसा आगरा में ट्रेन से बरामद हुआ था। जीआरपी अब चेन्नई से आगरा के बीच पड़ने वाले सभी प्रमुख स्टेशनों नागपुर, भोपाल, झांसी, ग्वालियर के सीसीटीवी फुटेज भी खंगाल रही है। अब तक करीब 300 कैमरों की रिकॉर्डिंग जांची जा चुकी है। पुलिस की 3 टीमें जांच में जुटी

1. पहली टीम चेन्नई में संदिग्धों की पहचान और लोकेशन ट्रेस कर रही है। 2. दूसरी टीम उन स्टेशनों पर छानबीन कर रही है जहां ट्रेन रुकी थी। 3. तीसरी टीम आगरा में शव के बाकी हिस्सों की तलाश और फोरेंसिक साक्ष्य जुटा रही है। जीआरपी अधिकारियों का कहना है कि आरोपी बेहद शातिर हैं। उन्होंने सबूत मिटाने के लिए हर संभव कोशिश की है। लेकिन सीसीटीवी और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर जल्द ही गिरफ्तारी होगी। इस सनसनीखेज हत्याकांड ने रेल यात्रियों में दहशत फैला दी है। जीआरपी ने यात्रियों से अपील की है कि कोई भी संदिग्ध सामान दिखे तो तुरंत 139 या 182 पर सूचना दें।

## सार-संक्षेप

### कैबिनेट मंत्री ने धंसी सड़क और विकास कार्यों का किया औचक निरीक्षण



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**आगरा।** आगरा दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के विकास और जनता की समस्याओं को लेकर उत्तर प्रदेश सरकार के उच्च शिक्षा एवं कैबिनेट मंत्री योगेंद्र उपाध्याय पूरी तरह एक्शन मोड में नजर आ रहे हैं। रविवार को कैबिनेट मंत्री ने अपनी विधानसभा के अंतर्गत आने वाले विभिन्न क्षेत्रों का सघन दौरा किया। इस दौरान उन्होंने भारी बारिश से प्रभावित इलाकों का जायजा लिया और सरकार की महत्वाकांक्षी सी.एम. ग्रिड योजना के तहत चल रहे विकास कार्यों की हकीकत परखी। निरीक्षण के दौरान मिली खामियों पर मंत्री ने अधिकारियों की क्लास लगाई और जनहित के कार्यों को समय सीमा के भीतर गुणवत्ता के साथ पूरा करने की सख्त हिदायत दी। मोती कटरा में सड़क धंसने पर जताया आक्रोश, राहत कार्य शुरू करने के निर्देश कैबिनेट मंत्री योगेंद्र उपाध्याय का पहला निरीक्षण आगरा दक्षिण के मोती कटरा क्षेत्र में हुआ। पिछले दिनों हुई भारी बारिश के कारण इस घनी आबादी वाले क्षेत्र में मुख्य सड़क का एक बड़ा हिस्सा धंस गया था, जिससे स्थानीय निवासियों और राहगीरों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। समस्या की सूचना मिलते ही मंत्री योगेंद्र उपाध्याय सीधे मौके पर पहुंचे। उन्होंने धंसी हुई सड़क के कारण उत्पन्न हुए खतरों और समस्याओं का बारीक निरीक्षण किया। मौके पर मौजूद नगर निगम के उच्च अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाते हुए उन्होंने कहा कि जनता की सुरक्षा और सुविधा से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। मंत्री ने अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से आवश्यक कार्रवाई शुरू करने, सड़क को दुरुस्त करने और क्षेत्र की समस्या का शीघ्र अति शीघ्र स्थाई समाधान निकालने के निर्देश दिए। सी.एम. ग्रिड योजना के कार्यों में मिली खामियां, सुधार की चेतावनी मोती कटरा के बाद कैबिनेट मंत्री योगेंद्र उपाध्याय का काफिला कोठी मीना बाजार के पास चल रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण करने पहुंचा। यहां सी.एम. ग्रिड योजना के अंतर्गत सड़क व बुनियादी ढांचे के विकास का काम चल रहा है। मौके पर पहुंचे मंत्री ने जब काम की गुणवत्ता जांची, तो वहां कई तरह की कमियां और लापरवाही उजागर हुईं। निर्माण कार्यों में मिली इन कमियों को देखकर कैबिनेट मंत्री ने गहरी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने मौके पर मौजूद नगर निगम और संबंधित कार्यदायी संस्था के अधिकारियों को कड़े लहजे में कहा कि विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की शिथिलता या घटिया निर्माण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को तत्काल सभी कमियों को सुधारने, काम की गुणवत्ता मानक के अनुरूप करने और कार्य की गति को बढ़ाकर इसे जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। जनता के प्रति जवाबदेह बनें अधिकारी योगेंद्र उपाध्याय निरीक्षण के बाद कैबिनेट मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने कहा, हमारी सरकार जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम करती है। जनता को मूलभूत सुविधाएं देना और उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान करना हमारी प्राथमिकता है। विकास कार्यों में धन का सही उपयोग होना चाहिए। जो भी अधिकारी काम में लापरवाही बरतेगा, उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने स्थानीय जनता को आश्वस्त किया कि क्षेत्र की सभी समस्याओं को समय रहते दूर कर लिया जाएगा। निरीक्षण के दौरान नगर निगम से एई कपीश, अभियंता मुकेश कुमार, मुन्ना सिंह प्रजापति पार्षद, डॉ अलौकिक उपाध्याय, बॉबी लाले, मुकुल जोशी, सियाराम प्रजापति, राजेश प्रजापति ,हरीश नरवार,राजकुमार, मोती कटरा में उपस्थित रहे। स्थानीय भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता, नगर निगम और संबंधित कार्यादारी संस्था के अधिकारी मौजूद रहे।

### तेज रफ्तार बाइक ने ताजमहल के निकट पर्यटकों को मारी टक्कर

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**आगरा।** विश्व प्रसिद्ध स्मारक ताजमहल घूमने आ रहे पर्यटको की सुरक्षा रामभरोसे नजर आ रही है। रविवार को एक तेज रफ्तार बाइक ने पर्यटकों को टक्कर मार दी जिससे ताजमहल आने वाले पर्यटकों की सुरक्षा पर सवाल खड़े हो गए।बाइक सवार ने एक परिवार को पूर्वी गेट के पास टक्कर मार दी। हादसे में परिवार के सदस्य और बच्चे घायल हो गए। पूरी घटना सड़क किनारे दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई,जिसमें चालक तेज रफ्तार बाइक चलाता दिखाई दे रहा है। वीडियो में दिख रहा है कि बाइक सवार पहले एक बच्चे को चपेट में लेता है। फिर सामने चले रहे युवक को टक्कर मारता है। सभी लोग जमीन पर गिर पड़ते हैं।

# खत्म हो जाएगा जाति की राजनीति करने वालों का वजूद

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**बरेली।** भाजपा जातिगत राजनीति नहीं करती है। हर वर्ग की आवाज है। जिसका प्रमाण साल दर साल जनता देख रही है। जाति की राजनीति करने वालों का वजूद खत्म हो रहा है। ये बातें दुग्ध एवं पशुधन विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने सोमवार को बरेली के विकास भवन में आयोजित मंडल स्तरीय समीक्षा बैठक के बाद प्रेस वार्ता में कहीं।



कैबिनेट मंत्री ने पत्रकार वार्ता में सपा प्रमुख के बयान पर तीखी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने अधिकारियों से निराश्रित गोवंशों का ध्यान रखने के लिए कहा। बताया कि प्रदेश में गोवंश के संरक्षण को लेकर वृहद स्तर पर कार्य चल रहा है। प्रदेश के सभी जिलों में गोशालाओं की संख्या बढ़ाने के साथी अन्य संसाधन भी बढ़ाए जाएंगे। हाल ही में सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने बयान दिया था कि भाजपा सरकार अल्पसंख्यकों की अनदेखी कर रही है। इसी बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए पशुधन मंत्री ने कहा कि जो चोर होते हैं उन्हें सभी चोर नजर आते हैं। उन्होंने कहा कि न्याय सबको, तुष्टिकरण किसो को नहीं। जो गलती करेगा, उसे दंड मिलेगा। झारखंड में छात्रों पर लाठीचार्ज को लेकर मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का मानना है कि छात्र हमारा भविष्य है और इनके साथ हमेशा अच्छा व्यवहार किया जाना चाहिए। झारखंड सरकार को इसका जबाब देना चाहिए।

प्रेस वार्ता के दौरान मंत्री ने कांग्रेस पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी और कांग्रेस का वजूद खत्म हो रहा है। यहां जो भी बिरादरी की राजनीति करेगा वो खत्म हो जाएगा। वो फिर चाहे कांग्रेस हो या सपा। उन्होंने कहा कि 2027 में एक बार फिर भाजपा प्रचंड बहुमत के साथ सरकार बनाएगी।

# दिव्यांग व्यक्तियो व बच्चो के लिए रेलवे बना रहा है रेलवे रियायत कार्ड

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**आगरा।** यात्रियों को बेहतर,सुलभ एवं समावेशी सेवाएं प्रदान करने के लिए संकल्पित आगरा रेल मंडल दिव्यांग यात्रियों की सुविधा हेतु निरंतर प्रयासरत है। मंडल रेल प्रबंधक, आगरा गगन गोयल के मार्गदर्शन में तथा वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री अंकित गुप्ता के नेतृत्व में अप्रैल से जुलाई में शारीरिक रूप से दिव्यांग व्यक्तियों एवं बच्चों के लिए कुल 290 रेलवे रियायत कार्ड ऑनलाइन बना कर जारी किए गए। जुलाई 2026 में शारीरिक रूप से दिव्यांग व्यक्तियों एवं बच्चों के लिए कुल 78 रेलवे रियायत कार्ड ऑनलाइन बना कर जारी किए गए है। शारीरिक रूप से दिव्यांग व्यक्ति ऑनलाइन आवेदन कर रेलवे रियायत कार्ड के लिए आवेदन कर सकते है।



रेलवे की आधिकारिक वेबसाइट पर जाए और आवश्यक विवरण भरें और दस्तावेज अपलोड करें ,सभी विवरणों की जांच करें और आवेदन सबमिट कर दें। जिला चिकित्सा अधिकारी द्वारा जारी किया चिकित्सा प्रमाण पत्र ,फोटो, परिचय पुत्र ,पहचान पत्र, आधार कार्ड, पासपोर्ट,पैन कार्ड जन्म प्रमाण पत्र। वेरीफिकेशन के बाद डीआरएम ऑफिस से मिले रियायत कार्ड को रेलवे के सॉफ्टवेयर में अपडेट कर दिया जाएगा।इसके बाद जब भी दिव्यांग यात्री टिकट के लिए आवेदन करेगा,तो उसे अपने रेलवे रियायत कार्ड की फोटो कॉपी देनी होगी। जैसे ही रेलवे रियायत कार्ड की एंट्री सॉफ्टवेयर में की जाएगी उक्त यात्री की पूरी डिटेल मॉनिटर पर सामने आ जाएगी और उसी आधार पर कंसेशन टिकट बनाया जाएगा। यही व्यवस्था ई टिकट पर भी रहेगी। ताकि रेल, यात्रा के लिए दिव्यांग यात्रियों को किसी प्रकार की कोई परेशानी न उठानी पड़े, दिव्यांग यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए रेलवे ने रियायत कार्ड की सुविधा शुरू की है। जिससे किराये में छूट मिलेगी व रेलवे रियायत कार्ड बनने से उनको रेल यात्रा के दौराने परेशानी का सामना नही करना पढ़ेगाद्य जनसंपर्क अधिकारी संजय कुमार गौतम ने बताया की शारीरिक रूप से दिव्यांग व्यक्ति अब ऑनलाइन रेलवे रियायत कार्ड के लिए रेलवे की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर आवेदन कर सकते है।

# बाइक सवार दम्पति को ट्रक ने मारी टक्कर,मौके पर मौत

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**आगरा।** आगरा के एत्मादपुर से खंदौली मार्ग पर बीते रविवार की देर शाम करीब 8 बजे एक दर्दनाक सड़क हादसे में रिश्तेदार के अंतिम संस्कार से लौट रहे बाइक सवार दम्पति को नगला पिपरिया के पास आलू से भरे एक अनियंत्रित ट्रक ने टक्कर मार दी। जिसमें बाइक सवार पति- पत्नी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार,फिरोजाबाद के टूंडला स्थित धीरपुरा निवासी लक्ष्मी अपने पति के से बाइक से हाथरस में एक रिश्तेदार के निधन पर शोक व्यक्त करने गए थे। बीते रविवार देर शाम जब दोनों बाइक से टूंडला की ओर वापस अपने घर लौट रहे थे,तभी रास्ते में नगला पिपरिया के पास एक आलू से भरे अनियंत्रित ट्रक ने जोरदार टक्कर मार



दी। जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई।टक्कर इतनी भीषण थी कि घटना स्थल पर दोनों के शरीर के चिथड़े उड़ गए। दुर्घटना में घायल एत्मादपुर क्षेत्र के दो लोग भी गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें लोगों ने उपचार के लिए तुरंत अस्पताल भिजवाया, जिनमें से एक व्यक्ति की गंभीर हालत को देखते हुए आगरा के हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। आस पास मौजूद स्थानीय लोगों ने हादसे की सूचना तत्काल एत्मादपुर पुलिस को दी। सूचना मिलने पर तत्काल पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने दुर्घटना में शामिल आलू से भरे ट्रक को अपने कब्जे में ले लिया है। एत्मादपुर पुलिस के अनुसार, हादसे में दो लोगों (पति-पत्नी) की मौत की पुष्टि हुई है। मृतक महिला की पहचान लक्ष्मी के रूप में हुई है, जबकि उनके पति का नाम और अन्य जानकारी करने पुलिस जुटी हुई है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

# श्रावण के दूसरे सोमवार पर बल्केश्वर में धर्म यात्रा आयाम का सेवा शिविर

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**आगरा।** श्रावण मास के 'द्वितीय सोमवार और वृद्ध परिक्रमा के पावन अवसर पर आगरा में शिवभक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। भक्तों की सेवा के लिए धर्म यात्रा आयाम के तत्वाधान में बल्केश्वर प्रखंड में विशाल सेवा शिविर का आयोजन किया गया।

कार्यकर्ताओं ने बल्केश्वर मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं को पूरी-सब्जी, पानी की बोतलें और शरबत वितरित किया। गर्मी और लंबी लाइनों के बीच इस सेवा से श्रद्धालुओं को बड़ी राहत मिली। सेवा शिविर में उमड़ा जनसैलाब सुबह से ही बल्केश्वर मंदिर और आसपास के मार्गों पर कांवड़ियों और परिक्रमा करने वाले श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। धर्म



यात्रा आयाम के कार्यकर्ताओं ने जगह-जगह स्टॉल लगाकर श्रद्धालुओं का स्वागत किया और उन्हें प्रसाद के साथ ठंडा शरबत और पानी उपलब्ध कराया। सेवा कार्य के दौरान अनुशासन बनाए रखने और बुजुर्गों व महिलाओं की मदद के लिए भी स्वयंसेवक तैनात रहे। ये रहे मुख्य रूप से उपस्थित सेवा शिविर में धर्म यात्रा आयाम के पदाधिकारी और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

मुख्य रूप से प्रांत प्रमुख धर्म यात्रा विशाल चतुर्वेदी, प्रांत सुरक्षा प्रमुख गगन तोमर, प्रांत सह सोशल मीडिया प्रमुख नमित, जिला सह मंत्री कपिल त्यागी, जिला सह संयोजक राहुल वार्ष्णेय, जिला विद्यार्थी प्रमुख प्रांजल, जिला धर्म प्रसार प्रमुख राहुल तिवारी, प्रखण्ड अध्यक्ष मुकेश अग्रवाल, अंकित शर्मा, शिवम अग्रवाल, सुमित ठाकुर, प्रशांत गुप्ता, आयुष, बंटी गुप्ता, ध्रूव गुप्ता सहित अनेक कार्यकर्ताओं ने सेवा में सहयोग किया। प्रांत प्रमुख विशाल चतुर्वेदी ने कहा कि श्रावण का महीना सेवा और समर्पण का महीना है।

# मुख्यमंत्री के नाम खून से लिखी चिट्ठी

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**आगरा।** तहसील एत्मादपुर के ब्लॉक खंदौली में साफ-सफाई को लेकर लोगों का गुस्सा अब सड़कों पर उतर आया है। ग्राम पंचायत चौकड़ा में शिव मंदिर और ब्लॉक के सामने स्थित शहीद स्मारक के पास गंदगी का अंबार लगे होने से नाराज सैकड़ों ग्रामीणों ने शनिवार को मुख्यमंत्री के नाम खून से पत्र लिखकर विरोध जताया। ग्रामीणों का आरोप है कि गंदगी हटाने के लिए तहसील दिवस सहित कई बार लिखित शिकायतें दी गईं, लेकिन ब्लॉक का स्टाफ और ग्राम पंचायत सचिव ने कोई ध्यान नहीं दिया।

ग्राम पंचायत चौकड़ा के लोगों का कहना है कि पिछले कई महीनों से शिव मंदिर के पास और खंदौली ब्लॉक के ठीक सामने शहीद स्मारक के आसपास कूड़े-कचरे का ढेर लगा हुआ है। बदबू और मच्छरों के कारण



लोगों का वहां से निकलना मुश्किल हो गया है। ग्रामीणों ने बताया कि इस संबंध में ब्लॉक अधिकारियों और ग्राम पंचायत सचिव को कई बार अवगत कराया गया। तहसील दिवस में भी प्रार्थना पत्र दिए गए, लेकिन आज तक सफाई नहीं हुई।

आक्रोशित ग्रामीणों ने अब मुख्यमंत्री को संबोधित खून से पत्र लिखा है। पत्र में ग्राम पंचायत सचिव को तत्काल निलंबित करने और लापरवाह ब्लॉक अधिकारियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की गई है। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी है कि यदि शनिवार तक गंदगी साफ नहीं की गई तो सैकड़ों की संख्या में समाजसेवी एक बार फिर ब्लॉक पहुंचकर खून से पत्र लिखेंगे और बड़ा आंदोलन करेंगे। स्थानीय लोगों में ब्लॉक के भ्रष्ट अधिकारियों को लेकर भी भारी आक्रोश है। उनका कहना है कि जिम्मेदार अधिकारी अपनी कुर्सी पर बैठकर सिर्फ खानापूर्ति कर रहे हैं, जबकि जमीनी हकीकत बद से बदतर है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि मामले को गंभीरता से लेते हुए तुरंत सफाई कराई जाए और दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में ऐसी लापरवाही न हो। फिलहाल ब्लॉक प्रशासन की ओर से इस संबंध में कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है।

खंदौली ब्लॉक के सामने गंदगी मुख्यमंत्री को खून से लिखी चिट्ठी, सचिव के निलंबन की मांग शहीद स्मारक के पास कचरे का अंबार, ग्रामीणों का फूटा गुस्सा तहसील दिवस की शिकायतें बेअसर, अब खून से पत्र लिखकर जताया विरोध

आशीष शर्मा राष्ट्रीय लोकदल जिला सचिव आगरा भूपेंद्र भारद्वाज मनीष चौधरी राष्ट्रीय लोकदल विधानसभा अध्यक्ष एत्मादपुर विवेक शर्मा समाजसेवी।

# बरेली में जिम संचालक की दबंगई, साथियों संग मिलकर थर्ड जेंडर को पीटा

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**बरेली।** बरेली के रामपुर गार्डन स्थित हीलियोस जिम के बाहर गाड़ी में तोड़फोड़ को लेकर शुरू हुआ विवाद संघर्ष में बदल गया। थर्ड जेंडर और उसके साथियों ने जिम संचालक व उनके साथियों पर मारपीट व अभद्रता करने, निर्वस्त्र कर जेंडर चेक करने जैसे आरोप लगाए। वीडियो वायरल होने के बाद जिम संचालक व अन्य के खिलाफ रिपोर्ट कराई गई है। पुलिस ने कुछ लोगों को हिरासत में लिया है। कोहाड़ापीर निवासी सलमान उर्फ मन्नू सूरी खुद को थर्ड जेंडर बताती हैं। उनके मुताबिक सात अगस्त की सुबह मुंहबोले भाई विशाल ने कॉल कर बताया कि उनकी गाड़ी हीलियोस जिम के बाहर तोड़ दी गई है। मन्नू जिम पहुंची और संचालक अश्वनी शर्मा से बातचीत की। संचालक ने जानकारी न होने की बात कही तो वे लोग लौट आए। मन्नू का आरोप है कि रात 10 बजे जिम संचालक ने उसके साथी को कॉल कर बताया कि गाड़ी तोड़ने वाले के बारे में जानकारी मिल गई है। मन्नू साथियों के साथ दोबारा जिम पहुंचीं। आरोप है कि वहां जिम संचालक अश्वनी शर्मा के साथ सुशील, अंकित, अजय और अन्य लोग मौजूद थे। इन लोगों ने अभद्रता की और विरोध पर पिटाई कर दी।आरोप है कि इलाके के असली थर्ड जेंडर आ गए। उन्होंने भी मन्नू व उनके साथियों की पिटाई की। उनके कपड़े उतारकर जेंडर चेक किया। पुरुष बताकर पीटा गया। मन्नू ने जान से मारने की कोशिश का भी आरोप लगाया गया। घटना से जुड़ा वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। इसके बाद कोतवाली पुलिस ने कार्रवाई शुरू की।

# कांवड़ियों के दो गुटों में मारपीट, पुलिस ने स्थिति संभाली



**अमर भास्कर, संवाददाता**

**बगरैन।** कस्बा बगरैन में कचहरी रोड पर सोमवार को कांवड़ियों के दो पक्षों में किसी बात को लेकर विवाद हो गया। देखते ही देखते दोनों पक्षों में मारपीट होने लगी, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को संभाला।

बताया गया कि एक पक्ष के बगरैन निवासी सूरज पुत्र बालकराम तथा दूसरे पक्ष के वजीरगंज थाना क्षेत्र के गांव भवानीपुर निवासी राजा पुत्र ओमकार के बीच माजिद खान की दुकान के सामने किसी बात को लेकर विवाद हुआ। राजा के साथ करीब एक दर्जन शिवभक्त हरिद्वार से कांवड़ लेकर गौरीशंकर गुलड़िया जलाभिषेक के लिए जा रहे थे।

मौके पर मौजूद लोगों ने बीच-बचाव कर मामला शांत करा दिया। इसके बाद राजा के साथ चल रहे कांवड़ियों ने आगे बढ़कर कचहरी रोड स्थित होली चौक पर जाम लगा दिया। कांवड़ियों के विवाद और जाम की सूचना पर बगरैन चौकी प्रभारी संदीप गुप्ता पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। इसके अलावा वजीरगंज थाना प्रभारी अश्विनी कुमार तथा बिसौली कोतवाल कमलेश मिश्रा भी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए। पुलिस अधिकारियों ने भवानीपुर से आए कांवड़ियों को समझाकर शांत कराया और कार्रवाई का आश्वासन देकर जाम खुलवाया। इसके बाद सभी कांवड़ियों को जलाभिषेक के लिए गौरीशंकर गुलड़िया रवाना किया गया। बगरैन पुलिस ने कांवड़ियों को सुरक्षा प्रदान करते हुए वरेली सीमा तक पहुंचाया। दोनों पक्षों के बीच विवाद का वास्तविक कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। पुलिस मामले की जानकारी जुटा रही है।

## रुद्राभिषेक से जीवन में सुख-समृद्धि और भय से मिलती है मुक्ति: संजीव

**बदायूं।** अखिल विश्व गायत्री परिवार के तत्वावधान में श्रवण मास के दूसरे सोमवार को श्री शिव मंदिर कोल्हाई में रुद्राभिषेक हुआ। शिव भक्तों ने भगवान को प्रसन्न करने के लिए रुद्राभिषेक किया।भगवान शिव का श्रंगार कर आरती की गई। गायत्री परिवार के संजीव कुमार शर्मा ने कहा कि श्रावण के महीने में रुद्राभिषेक शास्त्रों में विशेष फलदायी है। इससे जीवन में सुख-समृद्धि, स्वास्थ्य, शांति और भय से मुक्ति मिलती है। पुराणों में उल्लेख है कि रुद्राभिषेक से ग्रहों की बाधाएं, पितृ दोष, कालसर्प दोष भी शांत हो जाते हैं। महाशिवरात्रि, सावन, श्रावण मास में इसका विशेष महत्व है। रुद्राभिषेक आत्मशुद्धि, मन की स्थिरता और अध्यात्मिक जागृति भी मार्ग है। वेदमंत्रों की ध्वनि और जल की शीतलता से वातावरण में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। मुख्य यजमान डा.सोहनपाल सिंह सपत्नीक मुख्य यजमान के रुप में रहे। उन्होंने दुग्ध से रुद्राभिषेक किया। भगवान को मेवा, मिष्ठान के साथ दुग्ध, दही, शहद, बिल्व पत्र, भांग, धतूरा आदि अर्पित किए। सुसज्जित दीपकों के साथ भव्य आरती की। इस मौके पर डा.ओमेंद्र कुमार, सुरभ पाल, अमित पाल, लालमन पाल आदि मौजूद है।

# डीएम-एसएसपी ने कछला गंगा घाट का किया स्थलीय निरीक्षण

## अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**बदायूं।** श्रावण मास कांवड़ यात्रा-2026 के अंतर्गत कछला घाट के समीप अत्यधिक संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने के दृष्टिगत जिलाधिकारी अवनीश राय ने कछला घाट पहुंचकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि रूट डायवर्जन के दौरान पुल के दोनों ओर 500-500 मीटर की दूरी पर ही दोपहिया वाहनों का प्रवेश वर्जित किया जाए। श्रद्धालुओं के वाहनों के लिए गोविन्द वल्लभ पंत कॉलेज में पार्किंग की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। एसपी सिटी अभिषेक कुमार सिंह, एसपी ग्रामीण डॉ. हृदेश कठेरिया एवं सीओ उझानी सुनील कुमार सिंह को मजिस्ट्रेटों के साथ सुरक्षा संबंधी समुचित व्यवस्थाओं के लिए दायित्व सौंपे गए हैं।



इससे पूर्व श्रावण मास कांवड़ यात्रा-2026 के दृष्टिगत जिलाधिकारी अवनीश राय एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा ने संयुक्त रूप से कछला गंगा घाट का रातभर स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों के साथ घाट पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा, स्वच्छता, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का गहनता से निरीक्षण किया।

कांवड़ यात्रा के दौरान उत्पन्न होने वाली जाम की स्थिति को ध्यान में रखते हुए यातायात व्यवस्था, पार्किंग, रूट प्रबंधन एवं भीड़ नियंत्रण की व्यवस्थाओं की भी बारीकी से समीक्षा की गई। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि कांवड़ यात्रा करने वाले श्रद्धालुओं को स्पष्ट रूप से अवगत कराया जाए कि यात्रा को सुगम बनाने के लिए आने एवं जाने हेतु अलग-अलग मार्ग निर्धारित किए गए हैं और श्रद्धालु निर्धारित मार्गों का ही प्रयोग करें, ताकि आवागमन में किसी प्रकार की असुविधा न हो। आवश्यकतानुसार बैरिकेडिंग बढ़ाई जाए तथा यातायात एवं श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए प्रभावी प्रबंध सुनिश्चित किए जाएं।

उन्होंने निर्देश दिए कि भीड़ बढ़ने की स्थिति में यातायात का प्रभावी प्रबंधन करते हुए जाम की पुनरावृत्ति रोकने के लिए आवश्यक वैकल्पिक व्यवस्थाएं भी सक्रिय रखी जाएं। प्रशासन द्वारा श्रावण मास कांवड़ यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुविधा एवं सुगम आवागमन को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए व्यवस्थाओं की लगातार निगरानी की जा रही है। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन अरुण कुमार, उपजिलाधिकारी सांई आश्रित शाखमुरी, अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत कछला सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### बिसौली पुलिस ने कांवड़ सेवा शिविर में किया विशाल भण्डारे का आयोजन

**बिसौली।** सोमवार को पुलिस इंस्पेक्टर कमलेश मिश्रा के नेतृत्व में अटल चौक पर कावड़ियों के लिए कावड़ सेवा शिविर में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। भगवान भोले शंकरनाथ की पूजा अर्चना के मुख्य यजमान कमलेश मिश्रा रहे। इस दौरान उन्होंने शिव भक्तों पर पुष्पवर्षा करने के बाद उनको भोजन वितरित किया। पुलिस इंस्पेक्टर कमलेश मिश्रा ने कावड़ियों को उनकी यात्रा के दौरान पुलिस की ओर से पूरी सुरक्षा का आश्वासन दिया। कमलेश मिश्रा ने बताया कि कांवड़ियों की सुरक्षा के लिए पुलिस पूरी तरह मुस्तैद है। उन्होंने कांवड़ियों से अपील की कि यात्रा के दौरान किसी भी असुविधा या समस्या की स्थिति में तत्काल पुलिस को सूचित करें। उन्होंने दोहराया कि पुलिस हर संभव मदद के लिए उनके साथ है। इस मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष अबरार अहमद, नगर के युवा उद्योगपति चितरंजन गुप्ता, नगर पालिका के पूर्व सभासद बाबू कथूरिया, वसीम खां, हाजी तस्लीम खां, एसआई विक्रांत आर्य, कांस्टेबल अमित कुमार, गजेंद्र कुमार, रोहित कुंडो, सरिता, रोहिताश, हरवीर, मोहित, नितिन, नीरज सागर आदि प्रमुखता से मौजूद रहे।

### फैजगंज बेहटा चेयरमैन ने गौशाला का किया निरीक्षण

**बिसौली।** फैजगंज नगर पंचायत अध्यक्ष इसरार खां ने गौशाला का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान चारा, दवा व पशुओं के रहने के लिए स्थान आदि का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान चेयरमैन इसरार खां ने कर्मचारियों को निर्देश दिए कि सभी गोवंशों को समय से चारा दिया जाए और बीमार होने पर तत्काल पशु चिकित्सक को सूचित करें। उन्होंने स्पष्ट कहा कि गोवंशों की देखभाल में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। चेयरमैन ने गोवंशों के पोषण को और बेहतर बनाने के उद्देश्य से हरे चारे की उपलब्धता बढ़ाने तथा गौशाला में सुविधा अधिक सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा की गोवंशों की सेवा एवं संरक्षण योगी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में हैं। इस दौरान मोहित गुप्ता, आमिर रजा, सुमित बाबू समेत केयर टेकर उपस्थित रहे।

### बदायूं-कुवरगांव में वार्ड बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक आयोजित

**बदायूं।** उत्तर प्रदेश शासन के महिला कल्याण अनुभाग-1, लखनऊ द्वारा किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम, 2015 के प्रावधानों के तहत देखरेख एवं संरक्षण की आवश्यकता वाले तथा विधि-विरुद्ध कार्यों में लिप्त बच्चों के संरक्षण, कल्याण एवं पुनर्वास को सुनिश्चित करने के लिए समेकित बाल संरक्षण योजना संचालित की जा रही है। भारत सरकार द्वारा इस योजना को मिशन वात्सल्य योजना के नाम से संचालित किया जा रहा है। मिशन वात्सल्य योजना के सुचारु एवं प्रभावी क्रियान्वयन के लिए नगर स्तर एवं ग्राम पंचायत स्तर पर वार्ड बाल कल्याण एवं संरक्षण समितियों के माध्यम से विभिन्न गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। इसी क्रम में नगर पालिका बदायूं सहित नगर पंचायत कुवरगांव में वार्ड बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में प्रतीक्षा मिश्रा ने महिलाओं एवं बच्चों की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन से संबंधित विभिन्न विषयों की जानकारी दी। उन्होंने साइबर सुरक्षा तथा वन स्टॉप सेंटर की सुविधाओं के बारे में विस्तार से बताया। साथ ही महिलाओं, बालिकाओं एवं बच्चों की सहायता के लिए संचालित हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी भी दी गई।

जिला मिशन समन्वयक, हब फॉर इम्पावरमेंट ऑफ वूमेन छवि वैश्य ने महिला कल्याण विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। इनमें मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, पति की मृत्यु के उपरांत निराश्रित महिला पेंशन योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान, पति की मृत्यु के बाद पुनर्विवाह करने वाले दंपती को पुरस्कार, दहेज प्रथा से पीड़ित महिलाओं को कानूनी सहायता, दहेज के कारण परित्यक्त महिलाओं को आर्थिक सहायता तथा पति की मृत्यु के बाद निराश्रित महिला की पुत्री के विवाह हेतु अनुदान आदि योजनाएं शामिल हैं। कार्यक्रम के दौरान 'एक युद्ध नशे के विरुद्ध' अभियान के तहत मादक पदार्थों के दुष्प्रभावों की जानकारी दी गई। बच्चों एवं किशोरों को नशे से दूर रखने के लिए अभिभावकों और समाज के लोगों से सहयोग की अपील की गई।

संरक्षण अधिकारी रवि कुमार ने बाल श्रम एवं बाल भिक्षावृत्ति के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियानों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मंदिर, मस्जिद, रेलवे स्टेशन, बस स्टेशन, ढाबों, दुकानों एवं कारखानों सहित विभिन्न स्थानों पर 14 वर्ष से कम आयु के बालक-बालिकाओं को बाल श्रम या भिक्षावृत्ति में लगाए जाने की स्थिति में उनका बचाव एवं पुनर्वास सुनिश्चित करने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि किसी बच्चे को किसी प्रकार की समस्या होने पर बाल हेल्पलाइन 1098 पर संपर्क कर सहायता प्राप्त की जा सकती है। बाल विवाह को सामाजिक कुरीति बताते हुए इसके दुष्परिणामों और बाल विवाह किए जाने पर होने वाली कानूनी कार्रवाई की जानकारी भी दी गई।

# डीएम ने कछला स्थित गौशाला का किया निरीक्षण

**अमर भास्कर, संवाददाता**

**बदायूं।** जिलाधिकारी अवनीश राय ने अन्य संबंधित अधिकारियों के साथ नगर पंचायत कछला स्थित गौशाला का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने गौशाला परिसर में व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के लिए निर्देश दिए कि परिसर में इंटरलॉकिंग कराई जाए, साथ ही प्रकाश एवं अन्य विद्युत संबंधी व्यवस्थाओं के लिए सोलर पैनल लगवाए जाएं।



निरीक्षण के दौरान गौशाला में 226 गोवंश पाए गए। लगभग 30 छोटे गोवंश को छोड़कर सभी गोवंश की ईयर टैगिंग की जा चुकी है। जिलाधिकारी ने गोवंश के लिए हरे चारे, स्वच्छ पेयजल, साफ-सफाई छाया, प्रकाश व्यवस्था एवं स्वास्थ्य संबंधी व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया।

उन्होंने निर्देश दिए कि गोवंश के लिए पर्याप्त मात्रा में चारे एवं स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता हर समय सुनिश्चित की जाए। गौशाला परिसर में नियमित रूप से साफ-सफाई बनाए रखी जाए तथा कमजोर गोवंश की समय-समय पर स्वास्थ्य जांच कराकर आवश्यक उपचार उपलब्ध कराया जाए। जिलाधिकारी ने गोवंश के संरक्षण एवं बेहतर देखभाल के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं निरंतर सुनिश्चित करने तथा गौशाला की व्यवस्थाओं की नियमित निगरानी करने पर विशेष जोर दिया। इस अवसर पर केयरटेकर सहित अन्य संबंधित कर्मचारी मौजूद रहे।

# गौवंश आश्रय स्थल में अव्यवस्थाओं पर एनजीओ की कार्यप्रणाली सवालों के घेरे में

**अमर भास्कर, संवाददाता**

**बदायूं।** विकासखंड सालारपुर की ग्राम पंचायत बादल स्थित गौवंश आश्रय स्थल में कथित लापरवाही और अव्यवस्थाओं का मामला सामने आया है। पशु प्रेमी विकेंद्र शर्मा की शिकायत पर खंड विकास अधिकारी सालारपुर नितिन कुमार ने गौवंश आश्रय स्थल का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान आश्रय स्थल की व्यवस्थाओं को लेकर कई गंभीर कमियां सामने आईं।



निरीक्षण के दौरान आश्रय स्थल में कई गौवंश मृत अवस्था में पाए गए, जबकि कई गौवंश बीमार हालत में मिले। आश्रय स्थल परिसर में करीब एक फीट से अधिक कीचड़ जमा होने के कारण वहां दलदल जैसी स्थिति बनी हुई थी। इसके चलते गौवंश को चलने-फिरने में भी काफी परेशानी हो रही थी।

निरीक्षण में यह भी पाया गया कि आश्रय स्थल में मौजूद अधिकांश गौवंश के कानों में ईयर टैग नहीं लगे थे। इससे गौवंश की पहचान और उनकी संख्या के सत्यापन को लेकर भी सवाल खड़े हो गए। शिकायतकर्ता ने आशंका जताई कि बिना ईयर टैग वाले गौवंश के संबंध में भरण-पोषण की धनराशि के भुगतान में अनियमितता हो सकती है। हालांकि, इस संबंध में वास्तविक स्थिति जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी।

मामले को गंभीरता से लेते हुए खंड विकास अधिकारी नितिन कुमार ने गौवंश आश्रय स्थल का संचालन कर रही एनजीओ दानवीर जनकल्याण समिति को कारण बताओ नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा है। नोटिस में स्पष्टीकरण संतोषजनक नहीं पाए जाने पर अनुबंध समाप्त करने के साथ ही नियमानुसार विधिक कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। इसके अलावा विकासखंड सालारपुर में इसी एनजीओ द्वारा संचालित रफियाबाद, सिकरोड़ी और रसूलपुर पुठी स्थित अन्य गौवंश आश्रय स्थलों की व्यवस्थाओं को लेकर भी शिकायतें और कमियां सामने आने की बात कही गई है। खंड विकास अधिकारी ने इस संबंध में उच्चाधिकारियों को रिपोर्ट भेजते हुए एनजीओ से गौवंश आश्रय स्थलों का संचालन हटाने तथा विकासखंड स्तर पर संस्था को काली सूची में डालने की संस्तुति की है। अब मामले में उच्चाधिकारियों की जांच और आगे की कार्रवाई पर निगाहें टिकी हैं।

# कछला से पैदल कांवर लेकर पंचत्वेश्वर धाम पहुंचे डॉ. शैलेश पाठक, किया जलाभिषेक

## सराय पहुंचने पर मुस्लिम और सिख समाज ने किया स्वागत

**अमर भास्कर, संवाददाता**

**बदायूं।** सावन के दूसरे सोमवार के पावन अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ. शैलेश पाठक ने कछला गंगा घाट से पैदल कांवर यात्रा कर सराय स्थित पंचतत्वेश्वर स्वयंभू महादेव मंदिर पहुंचकर हजारों शिवभक्तों के साथ भगवान शिव का गंगाजल से भव्य जलाभिषेक किया। देर रात सराय पहुंचने के बाद सोमवार की प्रात: बेला में आयोजित जलाभिषेक कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कांवरिये और श्रद्धालु शामिल हुए। मंदिर परिसर हर-हर महादेव, बम-बम भोले और भगवान शिव के जयकारों से गूंजता रहा। जलाभिषेक के दौरान श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह और आस्था दिखाई दी।



कछला से गंगाजल भरकर डॉ. शैलेश पाठक के नेतृत्व में हजारों शिवभक्त पैदल कांवर लेकर सराय के लिए रवाना हुए थे। लंबी दूरी की पैदल यात्रा पूरी करने के बाद देर रात कांवरियों का जत्था सराय पहुंचा। यहां पहुंचने पर मुस्लिम और सिख समाज के लोगों ने सामाजिक सौहार्द की मिसाल पेश करते हुए डॉ. शैलेश पाठक और उनके साथ आए कांवरियों का पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत किया। विभिन्न समुदायों के लोगों द्वारा कांवरियों का स्वागत किए जाने से वहां मौजूद लोगों में विशेष उत्साह दिखाई दिया। स्वागत के दौरान आपसी भाईचारे और सौहार्द का वातावरण नजर आया।

सुबह होते ही पंचतत्वेश्वर स्वयंभू महादेव मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भीड़ जुटने लगी। डॉ. शैलेश पाठक के साथ हजारों कांवरियों ने विधि-विधान के साथ भगवान शिव का गंगाजल से जलाभिषेक किया। कांवरियों ने भगवान शिव से क्षेत्र, प्रदेश और देश में सुख-शांति एवं समृद्धि की कामना की। जलाभिषेक के दौरान मंदिर परिसर में धार्मिक जयघोष लगातार गूंजते रहे। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की मौजूदगी के कारण पूरे क्षेत्र में भक्तिमय वातावरण बना रहा।

डॉ. शैलेश पाठक ने कहा कि कछला से सराय तक पैदल कांवर यात्रा उनके लिए केवल धार्मिक यात्रा नहीं, बल्कि आस्था, सेवा और सामाजिक एकता का संदेश देने वाली यात्रा भी है। उन्होंने कहा कि भगवान शिव के प्रति श्रद्धा और क्षेत्र के लोगों का सहयोग इस यात्रा की सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने सराय में विभिन्न समुदायों के लोगों द्वारा किए गए स्वागत की सराहना करते हुए कहा कि आपसी प्रेम, भाईचारा और सामाजिक सौहार्द ही समाज की सबसे बड़ी शक्ति है। उन्होंने कहा कि सराय क्षेत्र में आने वाले दिनों में एक भव्य मंदिर के निर्माण की दिशा में कार्य किया जाएगा। इसके साथ ही आम जनता को बेहतर और समुचित इलाज की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए अस्पताल के निर्माण की दिशा में भी बातचीत चल रही हैष् उन्होंने कहा कि क्षेत्र के लोगों को धार्मिक आस्था के साथ बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना भी आवश्यक है। मंदिर और अस्पताल जैसी सुविधाओं से क्षेत्र के लोगों को लाभ मिल सकेगा और आसपास के ग्रामीणों को इलाज के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा। डॉ. शैलेश पाठक ने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए सभी वर्गों का सहयोग आवश्यक है।

# तिरंगे के सम्मान में उमड़ा जनसैलाब, जयघोष से गूंजा बदायूं

- *तिरंगे संग निकले राष्ट्रभक्त, बगरेन, म्याऊ और दातागंज ग्रामीण में गूंजा देशभक्ति का संदेश*
- *हर घर तिरंगा' अभियान नई पीढ़ी में राष्ट्रभक्ति की भावना को मजबूत करने का अभियान: राजीव कुमार*

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**बदायूं।** भाजपा द्वारा 'हर घर तिरंगा-तिरंगा यात्रा' अभियान के अंतर्गत बदायूँ के बगरैन, दातागंज ग्रामीण, म्याऊ मंडल में सोमवार को भव्य तिरंगा यात्रा में हाथों में राष्ट्रीय ध्वज लेकर बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक भारत माता की जय, वंदे मातरम् तथा देशभक्ति के नारों के साथ जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता, दातागंज विधायक राजीव कुमार सिंह, पूर्व विधायक धर्मेंद्र शाक्य तथा पार्टी पदाधिकारी व बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।



इसी क्रम में तिरंगा यात्रा बगरैन मंडल की यात्रा मुड़िया सताशी के ठाकुर जी मंदिर से शहीद हरिओम सिंह इटऊआ, म्याऊ मंडल की यात्रा ब्लॉक परिसर म्याऊ से प्राचीन माता मंदिर तथा दातागंज ग्रामीण मंडल की यात्रा कदराबाद से हाथी भूड़ तक यात्रा सम्पन्न हुई।

जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता ने कहा कि 'हर घर तिरंगादृतिरंगा यात्रा' अभियान का उद्देश्य स्वतंत्रता दिवस को केवल एक पर्व के रूप में मनाना नहीं, बल्कि देश की आजादी के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले वीरों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करना और नई पीढ़ी में राष्ट्रभक्ति की भावना को मजबूत करना है। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश निरंतर विकास और आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ रहा है और आज हर भारतीय को अपने राष्ट्र की उपलब्धियों पर गर्व है।

दातागंज विधायक राजीव कुमार सिंह ने कहा तिरंगा केवल हमारे देश का राष्ट्रीय ध्वज नहीं, बल्कि यह भारत की एकता, अखंडता, स्वाभिमान और गौरव का प्रतीक है। 'हर घर तिरंगा' अभियान देश के प्रत्येक नागरिक को राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों और जिम्मेदारियों से जोड़ने वाला अभियान है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर देशभर में तिरंगे के प्रति सम्मान और राष्ट्रभक्ति का भाव और अधिक मजबूत हुआ है।

पूर्व विधायक धर्मेंद्र शाक्य ने कहा भारत की स्वतंत्रता असंख्य वीरों के त्याग, तपस्या और बलिदान का परिणाम है। तिरंगा हमें उन सभी स्वतंत्रता सेनानियों और राष्ट्रनायकों के संघर्ष की याद दिलाता है, जिन्होंने देश की आजादी के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक नागरिक को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अपने घर पर तिरंगा फहराकर देश के प्रति सम्मान व्यक्त करना चाहिए।

यात्रा कार्यक्रम में पूर्व डीसीबी चौयरमैन उमेश राठौर, वरिष्ठ नेता राणा प्रताप सिंह, वरिष्ठ नेता हीरा लाल कश्यप, ब्लॉक प्रमुख वजीरगंज गुड्डू देवी, ब्लॉक प्रमुख अतेंद्र विक्रम सिंह, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि के.सी शाक्य, जिला महामंत्री एमपी सिंह राजपूत, पूर्व जिला उपाध्यक्ष दुर्गेश वार्ष्णेय, जिला मीडिया प्रभारी अचल शर्मा, मंडल अध्यक्ष बगरैन रितेश चौहान, सुरेश सिंह राठौर, भावेश प्रताप सिंह, मंडल अध्यक्ष दातागंज ग्रामीण नरेश पाल, मंडल अध्यक्ष म्याऊं ओमपाल राजपूत, कुंवर शिवम प्रताप सिंह तथा भाजपा कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

## एसएसपी ने सिविल लाइन एसएचओ पर बैठाई जांच

**अमर भास्कर, संवाददाता**

**बदायूं।** कांग्रेस जिलाध्यक्ष अजीत यादव की शिकायत पर कोतवाली सिविल लाइंस के प्रभारी निरीक्षक हरेंद्र मलिक के विरुद्ध एसएसपी ने जांच बैठा दी है। सीओ सिटी राहुल पांडे को सौंपी गई है। नोटिस मिलने पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष अजीत यादव ने सोमवार को सीओ सिटी राहुल पांडे के कार्यालय में अपने बयान दर्ज करा दिए। दर्ज कराए बयान में कांग्रेस जिलाध्यक्ष अजीत यादव ने कहा है कि 23 जुलाई को सुबह करीब 7.30 पर एसएचओ थाना सिविल लाइंस बदायूँ हरेंद्र मलिक नेकपुर सिविल लाइंस बदायूँ स्थित उनके आवास पर पहुंचे और उनकी अनुपस्थिति में पत्नी प्रियंका यादव से कहा कि अजीत यादव हमें बिना बताए जंतर मंतर दिल्ली में चल रहे छात्रों के आंदोलन में शामिल होने क्यों चले गए। उनसे कहिए कि अजीत यादव तत्काल बदायूँ वापस आ जाएं नहीं तो मैं आपके आवास पर आत्महत्या कर लूंगा।

## संपादकीय

# मक्का का त्रिकोण-अलग हित, फिर साथ आने की जरूरत क्यों पड़ी?

मक्का में सऊदी अरब, तुर्की और पाकिस्तान का रक्षा समझौता पश्चिम एशिया के बदलते सुरक्षा-समीकरण का संकेत है। 7 अगस्त को अल-सफा पैलेस में मोहम्मद बिन सलमान, रेजेप ताय्यिप एर्दोआन और शहबाज शरीफ ने इस पर हस्ताक्षर किए। पाकिस्तान के सेना प्रमुख फील्ड मार्शल आसिम मुनीर भी मौजूद रहे। समझौते के तहत एक देश पर सशस्त्र हमला तीनों पर हमला माना जाएगा। यह नाटो की धारा पांच जैसा प्रावधान है, हालाँकि नाटो की तरह बाध्यकारी सैन्य संरचना या स्पष्ट सैन्य कार्रवाई का प्रावधान सार्वजनिक रूप से ज्ञात नहीं है। क्षेत्रीय अस्थिरता, ईरान से जुड़े क्षेत्रीय संघर्षध्युद्ध और अमेरिकी सुरक्षा-प्रतिबद्धताओं पर सवालों ने तीनों को सामूहिक सुरक्षा का विकल्प तलाशने को प्रेरित किया है। इसकी बुनियाद धार्मिक एकता से अधिक साझा असुरक्षा और क्षेत्रीय आत्मनिर्भरता है।

मक्का में बनी यह सुरक्षा-धुरी अचानक नहीं बनी। इसकी पहली कड़ी पिछले वर्ष सितंबर में सऊदी अरब और पाकिस्तान के रणनीतिक पारस्परिक रक्षा करार से जुड़ी थी। तुर्की के शामिल होने से यह द्विपक्षीय ढांचा त्रिकोणीय हो गया है। संयुक्त बयान के अनुसार, लक्ष्य सामूहिक निवारक क्षमता मजबूत करना और रक्षा सहयोग बढ़ाना है। यानी साझेदारी केवल हमले की स्थिति में साथ खड़े होने तक सीमित नहीं है। हालांकि इसकी असली ताकत संकट में सामने आएगी। अभी स्पष्ट नहीं है कि किसी सदस्य पर हमले की स्थिति में बाकी दोनों का सहयोग राजनीतिक समर्थन तक रहेगा या सैन्य-रसद सहायता भी देनी होगी। समझौते का पूरा पाठ सार्वजनिक न होने से घोषणा और वास्तविक सैन्य प्रतिबद्धता के बीच दूरी बनी हुई है। तीनों की क्षमताएं अलग हैं, लेकिन यही अंतर इस साझेदारी को वजन देता है। सऊदी अरब आर्थिक और वित्तीय ताकत के साथ इस्लामी दुनिया में आध्यात्मिक प्रभाव रखता है। तुर्की विकसित रक्षा उद्योग, ड्रोन तकनीक, सैन्य आधुनिकीकरण और नाटो अनुभव से लैस है। पाकिस्तान परमाणु शक्ति, अनुभवी सशस्त्र बल और क्षेत्रीय सैन्य अनुभव लेकर इस ढांचे में आया है। इस तरह पूंजी, तकनीक और सैन्य क्षमता एक मंच पर मिलती हैं। तीनों ने इसे रक्षात्मक समझौता बताया है। उनके अनुसार, यह किसी देश के खिलाफनहीं है, न सैन्य धुरी या सांप्रदायिक गुट है और न परमाणु महत्वाकांक्षा या हथियारों की होड़ से जुड़ा है। समझौते में अन्य क्षेत्रीय देशों के लिए भी शामिल होने का रास्ता खुला है।

भारत के लिए चुनौती नए मोर्चे से ज्यादा पाकिस्तान को मिलने वाली अतिरिक्त ताकत की है। समझौते से उसे सऊदी पूंजी और तुर्की तकनीक का सहारा मिल सकता है, जिससे उसका सामरिक आत्मविश्वास बढ़े। अतीत में बाहरी समर्थन मिलने पर पाकिस्तान की सीमा-पार गतिविधियों में आक्रामकता बढ़ने के उदाहरण रहे हैं। हालांकि सऊदी अरब के साथ भारत के गहरे रिश्ते इस समीकरण को जटिल बनाते हैं। ऊर्जा, व्यापार, निवेश और खाड़ी में करोड़ों भारतीयों की मौजूदगी ने दोनों देशों के संबंध मजबूत किए हैं। इसलिए रियाध को भारत-विरोधी कदम उठाने वाला मानना उचित नहीं। तुर्की की पाकिस्तान के प्रति पुरानी सहानुभूति है, लेकिन भारत से उसके आर्थिक हित भी जुड़े हैं। लिहाजा यह समझौता भारत के खिलाफ सीधा मोर्चा नहीं, लेकिन रणनीतिक सतर्कता का संकेत है। किसी समझौते की असली पहचान उसके ऐलान से नहीं, संकट में उसके निभाए जाने से होती है। इसलिए इसे 'इस्लामी नाटो' कहना जल्दबाजी होगी, लेकिन मामूली घटना मानना भी भूल होगी। सामूहिक रक्षा व्यवस्था की ताकत नाम नहीं, सदस्यों के आपसी भरोसे और संकट में कार्रवाई की क्षमता से तय होती है। सऊदी अरब और तुर्की में क्षेत्रीय नेतृत्व को लेकर प्रतिस्पर्धा रही है, जबकि पाकिस्तान की आर्थिक निर्भरता उसकी रणनीतिक स्वतंत्रता सीमित करती रही है। देखना होगा कि तीनों के साझा हित कितनी दूर साथ चलते हैं। मक्का समझौते की वास्तविक परीक्षा संकट में होगी। इसलिए इसे फिलहाल नाटो जैसी सक्रिय सैन्य शक्ति मानना उचित नहीं होगा।

बदलते क्षेत्रीय समीकरणों में भारत की सबसे बड़ी ढाल उसकी अपनी सामर्थ्य और सूझबूझ होगी। बहुध्रुवीय दुनिया में क्षेत्रीय शक्तियां अपनी सुरक्षा के नए ढांचे गढ़ रही हैं। ऐसे में भारत को खाड़ी देशों से ऊर्जा, व्यापार और निवेश के रिश्ते और मजबूत करने चाहिए। तुर्की के पाकिस्तान-झुकाव के बावजूद उसके साथ व्यावहारिक संवाद बनाए रखना जरूरी है। वहीं पाकिस्तान के संभावित उकसावे के सामने सैन्य तैयारी और विश्वसनीय निवारक क्षमता कायम रहनी चाहिए।

**लेखकः आरके जैन अरिजीत**

**अमर भास्कर**
( हिन्दी दैनिक समाचार पत्र )
- वरिष्ठ संरक्षक : वेदभानु आर्य
- संरक्षक : हामिद अली खाँ
- प्रधान संपादक : फरीद क़ादरी
- संपादक : अबरार अहमद
- कानूनी सला. : मुहम्मद फुरकान, एड.
- व्यवस्थापक : ठा. वेदपाल सिंह
- मैनेजर : केपी यादव
- सह-संपादक : मोहम्मद राशिद
- उप संपादक : जहाँगीर भारती
- दिल्ली प्रभारी : प्रतिमा पाठक

हमारे यूट्यूब चैनल *Amar Bhaskar News* को सब्सक्राइब करें वैल आइकॉन दबाना न भूलें।
-सर्वेश उपाध्याय, मैनेजिंग एडिटर*

अगर आपके पास भी है कोई कविता, रचना, लेख, गजल एवं छंद तो हमें लिख भेजिए, हमारा पता है:-
**अमर भास्कर कार्यालय**
**निकट होटल रिजेन्सी, लावेला चौक बदायूं ( उ.प्र. )।**
**पिन कोड-243601**
*Email- amarbhashkar21@gmail.com*
*Whatsapp. No. 9411214614*

## नेताओं के बिगड़ते बोल

# आखिर क्या सीखेगी भावी युवा पीढ़ी?



**लेखकः प्रतिमा पाठक**
**दिल्ली**

किसी भी समाज का भविष्य उसकी अगली पीढ़ी के हाथों में होता है। बच्चे और युवा केवल वही नहीं सीखते, जो उन्हें किताबों में पढ़ाया जाता है, बल्कि वे वह भी सीखते हैं, जो अपने आसपास घटित होते हुए देखते हैं। इसलिए जब सत्ता में बैठे जिम्मेदार लोग अपनी भाषा की मर्यादा भूलते हैं, तो चिंता केवल आज की राजनीति की नहीं होती, बल्कि आने वाले कल के संस्कारों की भी होती है।

आज की नई युवा पीढ़ी, जिसे सामान्यतः 'जेन जी' कहा जाता है, को लेकर तरह-तरह की टिप्पणियां सुनने को मिलती हैं। कभी उन्हें अधीर कहा जाता है, कभी गैर-जिम्मेदार, कभी सामाजिक माध्यमों में डूबा हुआ तो कभी अपमानजनक शब्दों से संबोधित किया जाता है। उनकी जीवनशैली, सोच और सवालों पर बहस होना स्वाभाविक है। हर पीढ़ी अगली पीढ़ी को अलग नजरिए से देखती रही है। लेकिन सवाल यह है कि असहमति व्यक्त करने का तरीका कैसा होना चाहिए?

जब किसी युवा वर्ग के प्रति नेताओं के शब्दों में व्यंग्य, तिरस्कार या अपमान का स्वर दिखाई देता है, तो यह लोकतांत्रिक संवाद को कमजोर करता है। नेता समाज के सामान्य नागरिक नहीं होतेय उनकी कही हुई बात दूर तक जाती है। उनके भाषण समाचारों में आते हैं, सामाजिक माध्यमों पर तेजी से प्रसारित होते हैं और घर-घर तक पहुंचते हैं। बच्चे भी उन्हें सुनते हैं और उनके शब्दों को अपने व्यवहार का हिस्सा बना सकते हैं।

हम बच्चों से कहते हैं कि बड़ों का सम्मान करो, दूसरों की बात ध्यान से सुनो और असहमति होने पर भी शालीनता बनाए रखो। लेकिन यदि वे सार्वजनिक मंचों पर इसके विपरीत उदाहरण देखते हैं, तो उनके मन में स्वाभाविक प्रश्न उठता होगा कि क्या सम्मान और मर्यादा केवल किताबों की बातें हैं?

लोकतंत्र की खूबसूरती ही यही है कि यहां अलग-अलग विचारों के लिए जगह होती है। किसी युवा की सोच से असहमति हो सकती है, लेकिन उसकी पूरी पीढ़ी को कमतर आंकना उचित नहीं है। नई युवा पीढ़ी के पास अपनी समस्याएं हैं, अपनी चुनौतियां हैं और अपने सवाल हैं। उन्हें डांटने या उनका मजाक उड़ाने के बजाय संवाद की आवश्यकता हैदरअसल, युवाओं को केवल उपदेश नहीं, बल्कि उदाहरण चाहिए। यदि हम चाहते हैं कि वे सामाजिक माध्यमों पर संयमित भाषा का प्रयोग करें, तो सार्वजनिक जीवन में भी संयम दिखाई देना चाहिए। यदि हम चाहते हैं कि वे आलोचना करते समय शब्दों का ध्यान रखें, तो उन्हें यह सीखने का अवसर भी मिलना चाहिए कि असहमति को सम्मानपूर्वक कैसे व्यक्त किया जाता है।

नेताओं के लिए भाषा केवल अभिव्यक्ति का माध्यम नहीं, बल्कि एक बड़ी जिम्मेदारी भी है। एक शब्द किसी को जोड़ सकता है और वही शब्द किसी को तोड़ भी सकता है। इसलिए सार्वजनिक पदों पर बैठे लोगों से यह अपेक्षा करना गलत नहीं है कि वे अपने शब्दों के प्रभाव को समझें और बोलने से पहले उसके परिणामों पर विचार करें।

आज आवश्यकता नई युवा पीढ़ी को दोष देने की नहीं, बल्कि उसे समझने की है। आवश्यकता नेताओं को चुप कराने की नहीं, बल्कि सार्वजनिक संवाद को सभ्य और मर्यादित बनाने की है। क्योंकि बच्चे हमारे भाषण नहीं, हमारा व्यवहार याद रखते हैं। हम उन्हें जैसा समाज दिखाएंगे, वे वैसा ही समाज बनाने की कोशिश करेंगे। इसलिए सवाल केवल यह नहीं है कि नई युवा पीढ़ी क्या सीख रही है-सवाल यह भी है कि हम उसे सिखा क्या रहे हैं?

# शाह संसद में बयान देने को तैयार, लेकिन विपक्ष सुनने को नहीं राजी

छात्र आंदोलनों और प्रदर्शनकारियों पर हुई पुलिस कार्रवाई के मुद्दे पर संसद में जारी गतिरोध के बीच संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने सरकार का रुख साफ किया है। उन्होंने कहा है कि सरकार संसद में छात्रों के विरोध प्रदर्शन और पुलिस कार्रवाई सहित हर पहलू पर विस्तृत चर्चा कराने के लिए पूरी तरह तैयार है। उन्होंने यह भी बताया कि गृह मंत्री अमित शाह खुद इस मुद्दे पर जवाब देंगे, जैसा कि विपक्ष मांग कर रहा है, लेकिन इसके साथ ही उन्होंने राहुल गांधी और विपक्ष से यह भी कहा है कि वह गृह मंत्री के संसद में बयान के दौरान सदन से भाग नहीं जायें। यह और बात है कि इसके बाद भी विपक्ष सदन में हंगामा करता रहा, जो बताता है कि विपक्ष के मुंह में कुछ और, मन में कुछ और चल रहा है। क्योंकि विपक्ष बात तो छात्रों पर पैलेट गन और लाठीचार्ज की कर रहा है, लेकिन उसके दिल में चंदा चोरी पर हिन्दुओं को बांटने की साजिश पनप रही है। वहीं लोकसभा में सीटें बढ़ाकर महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण दिये जाने के मोदी सरकार के प्रयास से भी विपक्ष को अपनी सियासी जमीन खिसकती नजर आ रही है। इसलिये वह लगातार कोशिश कर रहा है कि 2029 के लोकसभा चुनाव से पहले यह बिल नहीं पास हो, इसलिये वह 2026 की जनगणना के अनुसार परिसीमन के नाम हंगामा खड़ा कर रहा है। दरअसल, छात्र आंदोलनों, प्रदर्शनकारियों पर हुई पुलिस कार्रवाई और उसके बाद संसद में पैदा हुआ गतिरोध इन दिनों भारतीय राजनीति के केंद्र में आ गया है। देश के अलग-अलग हिस्सों में छात्रों के विरोध प्रदर्शन और उन पर हुई पुलिसिया कार्रवाई को लेकर संसद का माहौल लगातार गर्म बना हुआ है। एक तरफ विपक्ष इसे सरकार की दमनकारी नीति बताते हुए आक्रामक रुख अपनाए हुए है, तो दूसरी तरफसत्ता पक्ष ने भी दो टूक कह दिया है कि वह इस मुद्दे पर हरसंभव और विस्तृत चर्चा कराने के लिए पूरी तरह तैयार है। इस पूरे घटनाक्रम ने संसद के भीतर और बाहर राजनीतिक सरगर्मी को चरम पर पहुंचा दिया है।

**लेखकः संजय सक्सेना**

# पहली महिला चौंपियंस ट्रॉफी को लेकर उत्साहित हैं जेमिमा



**नई दिल्ली।** भारतीय महिला टीम की स्टार बल्लेबाज जेमिमा रोड्रिग्स आगामी आईसीसी महिला चौंपियंस ट्रॉफी 2027 को लेकर काफी उत्साहित हैं। पहली बार आयोजित होने जा रहे इस टूर्नामेंट को लेकर जेमिमा ने कहा कि उनके लिए माइंडसेट में कोई बदलाव नहीं होगा और हमेशा की तरह टीम को जीत दिलाना ही उनकी प्राथमिकता रहेगी।

महिला क्रिकेट की पहली आईसीसी चौंपियंस ट्रॉफी 14 से 28 फरवरी 2027 तक श्रीलंका में खेली जाएगी। जेमिमा ने जियोहॉटस्टार से बातचीत में कहा कि टीम ने एक बार सफलता का स्वाद चख लिया है और अब खिलाड़ी लगातार शीर्ष पर बने रहना चाहते हैं। उन्होंने कहा, श्हमने एक बार सफलता का स्वाद चखा है और जानते हैं कि शीर्ष पर रहना कैसा महसूस होता है। जितना ज्यादा आप इसका स्वाद चखते हैं, उतना ही ज्यादा वहां बने रहने की इच्छा होती है। हमारी टीम उसी दिशा में काम कर रही है और चौंपियंस ट्रॉफी बेहद खास होने वाली है।

जेमिमा ने पहली महिला चौंपियंस ट्रॉफी में खेलने को अपने लिए भी खास बताया। उन्होंने कहा, यह महिला क्रिकेट में पहली बार हो रहा है और मैं भी पहली बार इसका हिस्सा बनूंगी। यह काफी खास होगा और मैं इसका बेसब्री से इंतजार कर रही हूं। माइंडसेट की बात करें तो कुछ नहीं बदलता। आखिर में बात टीम की होती है और टीम को कैसे जिताना है, यही हमेशा हमारी सोच रहती है।

चौंपियंस ट्रॉफी से पहले भारतीय टीम दिसंबर 2026 में दक्षिण अफ्रीका के दौरे पर जाएगी, जहां दोनों टीमों के बीच बहु-प्रारूप द्विपक्षीय सीरीज खेली जाएगी। जेमिमा ने इस सीरीज को बेहद प्रतिस्पर्धी बताया। उन्होंने कहा, यह निश्चित रूप से बेहद रोमांचक सीरीज होने वाली है। दोनों टीमें काफी अच्छा प्रदर्शन कर रही हैं। हाल के समय में हमारे बीच काफी प्रतिद्वंद्विता रही है और हमने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ कई मैच खेले हैं। दुनिया की दो शीर्ष टीमों का दक्षिण अफ्रीका में आमना-सामना होना शानदार चुनौती होगी और हम इसका बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

जेमिमा का द हंड्रेड 2026 अभियान हैमस्ट्रिंग चोट के कारण समय से पहले समाप्त हो गया। हालांकि, उन्होंने टूर्नामेंट में सदर्न ब्रेव को प्लेऑफ में पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई और दो मुकाबलों में प्लेयर ऑफद मैच का पुरस्कार भी जीता।

महिला एशिया कप के लिए फिटनेस हासिल करने की दौड़ में शामिल जेमिमा ने द हंड्रेड के अपने अनुभव को भी साझा किया। उन्होंने बताया कि इस साल अलग-अलग पिचों और परिस्थितियों के अनुसार खुद को ढालना सबसे बड़ी चुनौती रही। उन्होंने कहा, यह साल वास्तव में चुनौतीपूर्ण रहा। अलग-अलग पिचों और परिस्थितियों के अनुसार खुद को ढालना जरूरी था। पिछले वर्षों की तुलना में इस बार पिचें काफी मुश्किल और थोड़ी धीमी थीं। इसलिए परिस्थितियों के अनुसार अपने खेल में बदलाव करना जरूरी था, क्योंकि इस साल बहुत ज्यादा बड़े स्कोर देखने को नहीं मिले। जेमिमा के मुताबिक ज्यादातर मुकाबलों में 120-130 रन के आसपास के स्कोर देखने को मिले। ऐसे में बल्लेबाजों को यह समझना जरूरी था कि किसी परिस्थिति में कौन सा स्कोर चुनौतीपूर्ण हो सकता है।

## गाजियाबाद विविध

# सच्चा साथी परिवार ने कांवड़ियों का किया सम्मान

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**गाजियाबाद।** सावन के पावन अवसर पर लैंड क्राफ्ट मेट्रो होम्स सच्चा साथी परिवार द्वारा कांवड़ यात्रियों के सम्मान एवं सेवा के लिए विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान पवित्र कांवड़ लेकर जा रहे शिवभक्तों का पुष्पमाला पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया। साथ ही कांवड़ियों की सेवा करते हुए आवश्यक सामग्री का वितरण भी किया गया।



कार्यक्रम के दौरान एक छोटे से कांवड़िए ने सभी का दिल जीत लिया। करोल बाग, दिल्ली से आए कुणाल नाम के 12 साल के कांवड़िए द्वारा 61 लीटर पवित्र गंगाजल लेकर भगवान भोलेनाथ को अर्पित करने के लिए यात्रा की जा रही थी। कुणाल की श्रद्धा, आस्था और समर्पण ने सोसाइटी से सेवा के लिए आए परिवारों का मन मोह लिया। छोटी उम्र में इतनी श्रद्धा और आस्था के साथ कांवड़ यात्रा कर रहे कुणाल को देखकर उपस्थित लोगों ने उसकी सराहना की और बड़ी-बड़ी सुंदर कांवड़ और झांकियां लोगों के मन में बस गई। कार्यक्रम के दौरान हर हर महादेव और बोल बम के जयघोष से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। सच्चा साथी परिवार ने सभी शिवभक्त कांवड़ियों को नमन करते हुए उनकी सुरक्षित एवं मंगलमय यात्रा की कामना की। इस कार्यक्रम में सोसाइटी के सैकड़ो लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

इस अवसर पर विशाल त्यागी, पुष्कर त्यागी, वीरेंदर चौधरी, रमेश कुमार, शुभाष कुमार, पुष्प शर्मा, अतुल सक्सेना, जीवितेश कुमार, विवेक भरतवाल, शिवकुमार त्यागी, राहुल त्यागी, मनोज दहिया, अंकित पंडित, सचिन त्यागी, आदित्य शुक्ला, पंकज शर्मा, अनुराग शर्मा, आलोक दूवेदी, दिनेश यादव, अंकुर शर्मा, मोहित शर्मा, मनोज पांचाल, राज सचदेवा, कृष्णा त्यागी, आशीष कपूर, आंचल त्यागी, दिव्या त्यागी, आयुषी त्यागी, काजल शर्मा, अनुपम वर्मा, दीपिका त्यागी, श्वेता सक्सेना, मन्दाकिनी, नीरू शुक्ला, मोना त्यागी, प्रियंका गुप्ता, शिल्पी सैनी, निधि त्यागी व दीप ठाकुर आदि मौजूद रहे।

# दुर्लभ संयोग से सावन शिवरात्रि का महत्व बढ़ जाता है

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**गाजियाबाद।** आचार्य दीपक तेजस्वी ने कहा कि सावन शिवरात्रि का हिंदू धर्म में बहुत अधिक महत्व बताया गया है। सावन शिवरात्रि पर भगवान शिव की पूजा-अर्चना करने व उनका जलाभिषेक करने से भगवान शिव के साथ माता पार्वती की कृपा भी प्राप्त होती है। इस बार की सावन शिवरात्रि मंगलवार को है, जो बहुत ही खास है। मंगलवार को योगों के दुर्लभ संयोग इसे खास बना रहे हैं।

आचार्य दीपक तेजस्वी ने बताया कि 11 अगस्त को पड़ने वाली सावन शिवरात्रि पर कर्क राशि में सूर्य, गुरु, बुध और चंद्रमा की युति से दुर्लभ चतुर्ग्रही योग बन रहा है। इसके साथ ही बुधादित्य योग और गजकेसरी योग का भी अत्यंत शुभ संयोग हो रहा है। चतुर्ग्रही योग में कर्क राशि में चार ग्रह सूर्य, गुरु, बुध और चंद्रमा के एक साथ आने से आर्थिक लाभ होता है। सूर्य और बुध की युति से बुधादित्य योग बनता है। इस योग के बनने से तेज बुद्धि और त्वरित निर्णय लेने की क्षमता में वृद्धि होती है। व्यापार, लेखन, पत्रकारिता और प्रशासनिक कार्यों में विशेष सफलता मिलती है। समाज में सम्मान, नेतृत्व क्षमता और आर्थिक समृद्धि प्राप्त होती है। गुरु और चंद्रमा की युति से गजकेसरी योग बनता है।

# विनोद की गेंदबाजी ने डार्क हॉर्सेस को दिलाई जीत

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**गाजियाबाद।** राजनगर एक्सटेंशन स्थित रेड एपल क्रिकेट ग्राउंड पर खेले जा रहे रेड एपल कैश प्राइज टी 20 कप में डॉर्क हॉर्सेस ने टीम अल्फा को 3 विकेट से हरा दिया। 158 रन के लक्ष्य को टीम ने 7 विकेट खोकर प्राप्त कर लिया।




टीम अल्फा ने मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी की व निर्धारित 20 ओवर में 9 विकेट पर 157 रन बनाए। अश्वनी शर्मा ने सबसे अधिक 35 रन का योगदान दिया। अतुल तोमर ने 28, आदित्य सोम ने 22 रन बनाए। विनोद दीक्षित ने 4 ओवर में 35 रन देकर 4 विकेट चटकाए। कार्तिक शर्मा ने 4 ओवर में 19 रन देकर 2 विकेट लिए। डार्क हॉर्सेस ने 18.5 ओवर में 7 विकेट पर 159 रन बनाकर मैच में 3 विकेट से रोमांचक जीत दर्ज की। सुक्खी ने 46, हरीश नेगी ने 34 व अभिषेक त्यागी ने 22 रन बनाए। अश्वनी शर्मा ने 3.5 ओवर में 33 रन देकर व अभिषेक सिंह ने 2 ओवर में 12 रन देकर 2-2 विकेट लिए। प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार विनोद दीक्षित को दिया गया। इस अवसर पर क्रिकेट प्रेमी आदि मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय व्यापार मंडल ने कावड़ कैंप में की सेवा



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**गाजियाबाद।** राष्ट्रीय व्यापार मंडल गजप्रस्थ द्वारा आयोजित अनेकों कावड़ कैंप की श्रृंखला में घंटाघर एमएमजी हॉस्पिटल गेट नंबर एक के सामने फ्लाई ओवर के नीचे आयोजित कैंप में कांवड कैम्प में उपस्थित होकर राष्ट्रीय व्यापार मंडल पदाधिकारियों ने सेवा कार्य किया। शिविर में दूध खीर कोल्ड ड्रिंक व समोसे आदि का वितरण किया गया। इस अवसर पर पंडित राकेश शर्मा, बालकिशन गुप्ता, पंडित अशोक भारतीय, प्रदीप चौधरी, संदीप त्यागी, रसम, संजय शर्मा, आशु पाठक, अमन शर्मा, आयुषी शर्मा व विनोद कुमार आदि मौजूद रहे।

# लक्खी बाग शिव मंदिर में उमड़ा आस्था का सैलाब

**अमर भास्कर, संवाददाता**

**शाहबाद।** सावन के सोमवार पर लक्खी बाग स्थित शिव मंदिर में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। सुबह से ही मंदिर में भगवान शिव के दर्शन और जलाभिषेक के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ जुटनी शुरू हो गई। हजारों भक्तों ने शिवलिंग पर जल चढ़ाकर पूजा-अर्चना की और भगवान भोलेनाथ से सुख-समृद्धि की कामना की। कांवड़ लेकर पहुंचे श्रद्धालुओं ने भी शिवलिंग पर कांवड़ चढ़ाई। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए मंदिर परिसर और आसपास सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए। पुलिस बल लगातार तैनात रहा और भीड़ को नियंत्रित करते हुए श्रद्धालुओं की आवाजाही को सुचारु बनाए रखा। मंदिर परिसर में हर-हर महादेव के जयकारों से माहौल भक्तिमय बना रहा। व्यवस्थाओं का जायजा लेने के लिए उपजिलाधिकारी शाहबाद आदेश कुमार, तहसीलदार अमित कुमार, क्षेत्राधिकारी देवकीनंदन, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक रणवीर सिंह राणा और हल्का इंचार्ज आतिश जैन मौके पर मौजूद रहे। अधिकारियों ने मंदिर परिसर का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और पुलिसकर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। सावन के सोमवार पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़ के चलते लक्खी बाग क्षेत्र में पूरे दिन धार्मिक उत्साह और भक्ति का माहौल बना रहा।



# कांवड़ियों की सेवा में जुटी यातायात पुलिस

**अमर भास्कर, संवाददाता**

**चंदौसी।** श्रावण मास के सोमवार को कांवड़ियों की भारी भीड़ को देखते हुए संभल पुलिस ने यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के साथ-साथ कांवड़ियों की सेवा के लिए भी विशेष इंतजाम किए। पुलिस अधीक्षक संभल के कुशल निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी यातायात स्तुति सिंह के निर्देशन में प्रभारी यातायात जगरोशन सिंह के नेतृत्व में यातायात पुलिस की टीम ने राजघाट बबराला से चंदौसी तक यातायात व्यवस्था संभाली। कांवड़ियों की सुविधा के लिए सिम्स चंदौसी बाईपास पर यातायात पुलिस की ओर से शिविर लगवाया गया। यहां कांवड़ लेकर जा रहे श्रद्धालुओं के लिए सूक्ष्म जलपान की व्यवस्था की गई। पुलिसकर्मियों ने कांवड़ियों के जत्थों को फल, पानी और बिस्कुट वितरित किए तथा उन्हें कुछ देर शिविर में आराम भी कराया, जिससे यात्रा के दौरान उनकी थकान दूर हो सके। शिविर में यातायात पुलिस में तैनात हेड कांस्टेबल सचिन कुमार, सनी तोमर, विकास एवं आरक्षी हिरेंद्र मौजूद रहे। पुलिसकर्मियों ने पूरी तत्परता के साथ कांवड़ियों की सेवा की और यातायात व्यवस्था को भी सुचारु बनाए रखा। यातायात पुलिस का उद्देश्य कांवड़ यात्रा को सुरक्षित, सफल एवं सुगम बनाना है, ताकि संभल जनपद में किसी भी कांवड़िया या जत्थे को यात्रा के दौरान किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। यातायात पुलिस की सेवा भावना और तत्परता की कांवड़ियों ने सराहना की।



# कांवड़ यात्रा की व्यवस्थाओं का लिया जायजा

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**सम्भल।** श्रावण मास की कांवड़ यात्रा के अंतर्गत द्वितीय सोमवार के अवसर पर जिलाधिकारी अंकित खण्डेलवाल एवं पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई ने सम्भल स्थित प्राचीन श्री पातालेश्वर महादेव मंदिर, सरायतरीन तथा चामुण्डा मंदिर, हयातनगर का स्थलीय निरीक्षण कर कांवड़ियों एवं श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने सर्वप्रथम प्राचीन पातालेश्वर महादेव मंदिर का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने महादेव के दर्शन कर विधि-विधान से जलाभिषेक किया तथा मंदिर परिसर एवं आसपास की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका सम्भल को निर्देशित किया कि नगर क्षेत्र में जहां-जहां भंडारों का आयोजन किया जा रहा है, वहां साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि कांवड़ियों एवं श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। इसके उपरांत जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने चामुण्डा मंदिर, हयातनगर का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान कांवड़ियों का फूलों से स्वागत कर उनका उत्साहवर्धन किया।

निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी सम्भल विकास चन्द्र, क्षेत्राधिकारी सम्भल कुलदीप कुमार, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका सम्भल आदित्य प्रकाश सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



# विकास भवन के विवेकानन्द सभागार का किया औचक निरीक्षण

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**कासगंज।** जिलाधिकारी प्रणय सिंह ने सोमवार को विकास भवन स्थित विवेकानन्द सभागार का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने सभागार में चल रहे निर्माण एवं अन्य कार्यों का स्थलीय निरीक्षण कर कार्य की प्रगति का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों से कार्य की वर्तमान स्थिति की जानकारी लेते हुए निर्देश दिए कि सभी कार्य निर्धारित मानकों एवं गुणवत्ता के साथ जल्द से जल्द पूर्ण कराए जाएं। उन्होंने कहा कि कार्यों में अनावश्यक विलंब किसी भी स्थिति में न हो तथा शेष कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण कराया जाए। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को कार्य की नियमित निगरानी करने के भी निर्देश दिए, जिससे कार्य समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा हो सके। निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी वीरेंद्र सिंह, जिला परियोजना निदेशक प्रतिमा निमेष सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



## सार-संक्षेप

### संयुक्त जिला चिकित्सालय में दिव्यांगजनों के परीक्षण करते हुए डॉक्टर कृष्ण अवतार



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**कासगंज।** जनपद कासगंज में दिव्यांग जनों के प्रमाण पत्र बनने के लिए सोमवार के दिन जिला चिकित्सालय में दिव्यांग प्रमाण पत्र बनवाने के लिए लगी काफी भीड़, अस्थि विकृत, नेत्र रोग, कान की दिव्यगता के प्रमाण पत्र बनवाने हेतु जिला अस्पताल में प्रमाण पत्र बनवाने हेतु पहुंचे दिव्यांग, हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉक्टर कृष्ण अवतार डॉक्टर रोहतास कुमार यादव अस्थि रोग विशेषज्ञ, नेत्र रोग विशेषज्ञ संजीव कुमार सक्सेना, ग्यास खान, ईएनटी डॉक्टर रंजीत सिंह सहायक बाबू सुशील कुमार मौजूद रहे।

### अखंड भारत संकल्प दिवस कार्यक्रम का सफल आयोजन हुआ



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**कासगंज।** जिले में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में मुकेश खांडेकर जी क्षेत्र संगठन मंत्री मेरठ क्षेत्र एवं कार्यक्रम अध्यक्ष के रूप में अजय कुमार गुप्ता डायरेक्टर डीसीएम हॉस्पिटल रहे कार्यक्रम में मुकेश खांडेकर ने कार्यकर्ताओं को अखंड भारत के विषय में विस्तार से बताते हुए कहा कि महाभारत काल के समय संपूर्ण अखंड भारत को मुगलों द्वारा खंड खंड करने का कार्य किया संपूर्ण भारत के हिंदुओं को संगठित कर अखंड भारत बनाने का संकल्प ही अखंड भारत संकल्प दिवस है।

कार्यक्रम अध्यक्ष अजय गुप्ता ने संबोधित करते हुए कहा कि जाति पांति भेद भाव ऊंच नींच के भेद भाव मिटाकर एकता और अखंडता के साथ अखंड भारत का संकल्प लेकर कार्यकर्ता कार्य करें कार्यक्रम में अन्य वक्ताओं विनय राज माहेश्वरी विभाग मंत्री एटा विभाग, अमरीष वशिष्ठ विभाग संयोजक बजरंग दल एटा विभाग ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन विश्व हिंदू परिषद जिला मंत्री नवीन सक्सेना के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जगदीश प्रसाद विरथरे, गोविंद महेरे, राज दिवाकर, विनोद कुशवाह, सतेंद्र सिंह विशु वार्ष्णेय, लखन प्रताप सिंह सुधांशु, निक्की सत्यम, अन्य सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### नहर पर घास काट रही महिला को जहरीले कीड़े ने काटा

**सम्भल।** थाना हजरतनगर गढ़ी क्षेत्र के ग्राम छछैरा में नहर किनारे घास काटते समय करीब 40 वर्षीय महिला को जहरीले कीड़े ने काट लिया। घटना के बाद महिला की हालत बिगड़ने पर परिजनों में अफरा-तफरी मच गई। उसके बाद महिला को इलाज के लिए जिला अस्पताल संभल में भर्ती कराया गया जहां पर महिला का प्राथमिक उपचार किया गया आपको बता दें कि ग्राम छछैरा निवासी इद्रीश की पत्नी इसरत जहां (लगभग 40 वर्ष) नहर पर घास काट रही थीं।

# भाकियू का संगठन विस्तार अभियान तेज, किसानों के हितों पर रहेगा पूरा फोकस

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**संभल।** भारतीय किसान यूनियन भारत राष्ट्रीय सेवक संघ द्वारा विकासखंड पंवासा के ग्राम-सारंगपुर में जिला उपाध्यक्ष मिंकू चौधरी के नेतृत्व में जनजागरण अभियान के अंतर्गत बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता ब्लॉक महासचिव धीरेन्द्र त्यागी एवं संचालन युवा जिला मीडिया प्रभारी निर्देश कुमार ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष संभल कामेन्द्र चौधरी ने कहा कि बैठक का उद्देश्य केवल संगठन का विस्तार करना नहीं, बल्कि किसानों की आवाज को मजबूती के साथ शासन-प्रशासन तक पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि संगठन को गांव-गांव तक मजबूत बनाने के लिए प्रत्येक ब्लॉक, तहसील एवं ग्राम स्तर पर नई कार्यकारिणियों का गठन किया जाएगा तथा सदस्यता अभियान चलाकर अधिक से अधिक किसानों, युवाओं को जोड़ा जाएगा। कहा कि किसान आज भी अपनी मूलभूत समस्याओं के समाधान के लिए सरकारी कार्यालयों के चक्कर लगाने को मजबूर है। आय, जाति एवं निवास प्रमाण पत्र बनवाने, वारिसान दर्ज कराने, गन्ना भुगतान, बिजली कटौती, स्मार्ट मीटर, आवारा पशुओं से फसलों की सुरक्षा, खाद-बीज की कालाबाजारी तथा अन्य जनसमस्याओं का शीघ्र समाधान होना चाहिए। किसानों का शोषण किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बैठक में रहस्यमयी बुखार की रोकथाम के लिए गांवों में नियमित कीटनाशक दवा का छिड़काव कराने, गंगा एक्सप्रेस एक्सप्रेस वे की सर्विस रोड पर गांव के चिन्हित बोर्ड लगाने, संभल रेल विस्तारीकरण कार्य में आ रही समस्याओं का समाधान कराने तथा क्षेत्र की अन्य जनहित समस्याओं को लेकर भी विस्तार से चर्चा हुई। निर्णय लिया गया कि जल्द ही संबंधित विभागों एवं प्रशासनिक अधिकारियों से वार्ता कर ज्ञापन सौंपे जाएंगे।संगठन विस्तार करते हुए गौरव चौधरी तिमनपुर को जिला सचिव संभल, श्रीपाल यादव को तहसील संगठन मंत्री, अशोक यादव को ग्राम महासचिव, बालजीत यादव को ग्राम सचिव, विजयपाल शर्मा को ग्राम सचिव, अतुल यादव को ग्राम प्रभारी नियुक्त किया गया। मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष संभल कामेन्द्र चौधरी, जिला उपाध्यक्ष मिंकू चौधरी, जिला संगठन मंत्री चौ. ऋषिपाल सिंह, इस्माइल खां जिला महामन्त्री (अ. मोर्चा), जिला मंत्री (अ. मो.) सुफियान पाशा, युवा जिला मीडिया प्रभारी निर्देश कुमार, जिला मंत्री खेमपाल यादव, तहसील अध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह, तहसील अध्यक्ष (अ. मो.) मेहंदी हसन, ब्लॉक महासचिव धीरेन्द्र त्यागी, ब्लॉक मंत्री मनीराम गूर्जर, वरिष्ठ कार्यकर्ता सतवीर चौधरी, नरेंन्द्र चौधरी, मो. हसन, रजा हसन, मुस्कुरान अली, सतपाल सिंह, हेमेन्द्र सिंह, महेश यादव, अनवार अली आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# खनन निरीक्षक ने खनन माफियाओं पर कसा शिकंजा

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**संभल।** जनपद संभल में अवैध खनन एवं खनिजों के अवैध परिवहन के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत खनन विभाग एवं पुलिस विभाग द्वारा संयुक्त रूप से प्रभावी कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान बालू से भरे कुल 03 ट्रेलर ऐसे पाए गए, जिनके ट्रांजिट पास की वैधता समाप्त हो चुकी थी। वैध ट्रांजिट पास के बिनाध्अमान्य ट्रांजिट पास के आधार पर खनिज का परिवहन किया जाना नियमों का उल्लंघन है। जांच के दौरान 02 ट्रेलर पुलिस चौकी खिरनी क्षेत्र में तथा 01 ट्रेलर थाना कैलादेवी क्षेत्र में पकड़ा गया। तीनों वाहनों को मौके पर ही नियमानुसार जब्त कर लिया गया तथा अग्रिम वैधानिक कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई है। यह कार्रवाई खनन निरीक्षक एवं थानाअध्यक्ष कैलादेवी द्वारा संयुक्त रूप से की गई। कार्रवाई का उद्देश्य जनपद में खनिजों के अवैध खनन एवं परिवहन पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करना तथा शासन द्वारा निर्धारित नियमों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करना है। खनन निरीक्षक शिवम कुमार में जानकारी देते हुए बताया कि जनपद में अवैध खनन एवं खनिज परिवहन के विरुद्ध अभियान निरंतर जारी रहेगा। बिना वैध ट्रांजिट पास अथवा समाप्त, अमान्य ट्रांजिट पास के माध्यम से खनिज का परिवहन करने वाले वाहनों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी।



# हर घर तिरंगा अभियान के तहत घर-घर फहराया जाएगा तिरंगा

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**कासगंज।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर देशभक्ति एवं राष्ट्रीय एकता की भावना को मजबूत करने के उद्देश्य से जनपद में 'हर घर तिरंगा अभियान-2026' के अंतर्गत 06 से 08 अगस्त 2026 तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। अभियान के तहत नागरिकों को अपने घरों, प्रतिष्ठानों एवं संस्थानों पर सम्मानपूर्वक तिरंगा फहराने के लिए प्रेरित किया गया। अभियान के दौरान विभिन्न स्थानों पर तिरंगा यात्रा, जागरूकता कार्यक्रम, देशभक्ति कार्यक्रम एवं जनसंपर्क गतिविधियों का आयोजन किया गया। विद्यालयों, सरकारी एवं गैर-सरकारी संस्थानों, सामाजिक संगठनों तथा आम नागरिकों की सहभागिता सुनिश्चित की गई। माध्यमिक शिक्षा परिषद के अंतर्गत संचालित विद्यालयों में हर्षोल्लास के साथ घर-घर तिरंगा हर विद्यालय की थीम पर तिरंगा फहराने के लिए प्रेरित किया गया। विद्यार्थियों द्वारा विद्यालय की फुल, पत्तियों एवं रंगों के माध्यम से तिरंगा सजाया गया। साथ ही तिरंगा रंगोली प्रतियोगिता एवं तिरंगा यात्रा का आयोजन भी किया गया। जिला विद्यालय निरीक्षक ने सभी नागरिकों से अपील की कि 'हर घर तिरंगा' अभियान को जन-जन का अभियान बनाएं और स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अपने घर पर तिरंगा फहराकर राष्ट्र के प्रति सम्मान एवं गौरव की भावना व्यक्त करें।



# ग्राम पंचायत नाहठेर में डेयरी पर की गई छापे मार करवाई

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**संभल।** सोमवार को नगर मजिस्ट्रेट संभल द्वारा शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त होने पर ग्राम नाहरठेर में आदिल पुत्र अख्तर हुसैन निवासी नदर द्वारा अवैध रूप से संचालित डेरी का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान प्रथम राष्ट्रीय पाया गया की आल पुत्र हुसैन द्वारा मिलावटी पनीर और मिलावट का दूध बनाया जा रहा है इसके बारे में डेयरी संचालक से दूध क्रय विक्रय करने के अभिलेख प्रस्तुत करने हेतु कहा गया परंतु डेरी संचालक द्वारा कोई अभिलेख प्रस्तुत नहीं किए गए हैं जिससे प्रतीत हुआ की आदिलपुत्र अख्तर हुसैन द्वारा नकली पनीर बनाया जा रहा है जिसको देखते हुए क्षेत्रीय खाद्य निरीक्षक और सप्लाई इंस्पेक्टर एवं थाना पुलिस को मौके पर बुलाया गया। क्षेत्रीय खाद्य निरीक्षक द्वारा प्रथम दृष्टया देखने पर एवं पनीर को तथा दूध को चेक करके बताया गया कि पनीर और दूध में दोनों में मिलावट बड़े स्तर पर की जा रही है तथा पनीर को वजनदार बनाने के लिए वनस्पति की भी मिलाया जा रहा है एवं इसके अतिरिक्त दूध को फाड़ने के लिए केमिकल का इस्तेमाल किया जा रहा है जिसके अनुसार मौके पर एक बोतल ग्लिसरोल की मिली परंतु क्षेत्रीय खाद्य निरीक्षक द्वारा बताया गया कि इसमें ग्लिसरोल नहीं है अन्य कोई केमिकल है जिससे यह दूध को फाड़ रहे हैं जो आम जनमानस के लिए बहुत ही हानिकारक है एवं उसके अतिरिक्त यह भी पाया गया कि आदिल पुत्र अख्तर हुसैन द्वारा जीएसटी की भी चोरी की जा रही है। मौके पर संचालित अवैध डायरी में घरेलू सिलेंडरों का उपयोग व्यावसायिक रूप में किया जा रहा है जिनको सप्लाई विभाग द्वारा जप्त किया गया है। मौके पर कई सारे अवैध वाहन बिखरे मिले जिनको सहायक संभागीय अधिकारी द्वारा जांच कराया गया जिसमें पाया गया कि सभी वहां एक्सपायर हो चुके हैं जिसमें तीन मोटरसाइकिल दो पिकअप दो चार पहिया गाड़ी एक मेटाडोर शामिल है उक्त सभी वाहनों को थाना रायसत्ती सीज में कराया गया है तथा डेरी में अवैध रूप से भंडारित 151 पैकेट पनीर जिन में प्रत्येक पैकेट लगभग 3.50 किलो का है को नष्ट कराया गया है तथा उसमें से 1 किलो पनीर को सैंपल के लिए खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा लिया गया है।



# शिव मंदिर बेरनी में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**संभल।** जनपद संभल के थाना कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र के गांव बेरनी स्थित प्राचीन शिव मंदिर में सावन के दूसरे सोमवार को सुबह पांच बजे से भगवान शिव का जलाभिषेक शुरू हुआ। जलाभिषेक के लिए सुबह से ही बड़ी संख्या में शिव भक्त मंदिर पहुंचने लगे, जिसके चलते मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की लंबी कतार लग गई। भक्तों ने श्रद्धा और आस्था के साथ भगवान शिव का जलाभिषेक कर पूजा-अर्चना की और परिवार की सुख-समृद्धि एवं मनोकामना पूर्ण होने की प्रार्थना की।

बताया जाता है कि बेरनी का यह प्राचीन शिव मंदिर करीब 500 वर्ष पुराना है। मंदिर को लेकर स्थानीय लोगों में गहरी आस्था है। मान्यता है कि यहां सच्चे मन से भगवान शिव की पूजा-अर्चना करने वाले श्रद्धालुओं की मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। सावन के सोमवार को दूर-दराज से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंचते हैं।

श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए थाना कुढ़फतेहगढ़ पुलिस भी मौके पर मौजूद रही। पुलिसकर्मियों ने मंदिर परिसर में सुरक्षा व्यवस्था संभालने के साथ ही श्रद्धालुओं की भीड़ को व्यवस्थित तरीके से जलाभिषेक कराने में सहयोग किया। सुबह से ही मंदिर परिसर में हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयकारों से वातावरण भक्तिमय बना रहा।

# जिलाधिकारी ने तिरंगा फहराकर अभियान का किया शुभारंभ

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**फिरोजाबाद।** हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराते हुए अभियान में अपनी सक्रिय भागीदारी दर्ज कराई। इस अवसर पर उन्होंने जनपद के समस्त नागरिकों, प्रशासनिक अधिकारियों एवं कर्मचारियों से इस राष्ट्रीय अभियान का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बनने का आह्वान किया।जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने संदेश देते हुए कहा, यह केवल एक प्रशासनिक अभियान नहीं है, बल्कि यह हमारे देश की आन-बान-शान, मान-सम्मान और गौरव का प्रतीक है। तिरंगा हमारी राष्ट्रीय एकता और देशभक्ति का जीवंत प्रतीक है। उन्होंने जिलेवासियों से अपील की कि वे अपने-अपने घरों, कार्यालयों एवं प्रतिष्ठानों पर तिरंगा फहराएं और राष्ट्रीय ध्वज के साथ अपनी तिरंगा सेल्फी आधिकारिक पोर्टल पर अपलोड करने के साथ-साथ सोशल मीडिया पर पोस्ट करें उन्होंने बताया कि अभियान का मुख्य उद्देश्य हर नागरिक के मन में देशभक्ति की भावना को और प्रगाढ़ करना तथा राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान को बढ़ाना है जिलाधिकारी ने जनपद फिरोजाबाद के सभी निवासियों से अपने तिरंगे के साथ सेल्फी लेकर हैशटैग के साथ ऑनलाइन पोस्ट करने का आग्रह किया है।



# भाजपा जिलाध्यक्ष हरेंद्र चौधरी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना की तिरंगा यात्रा

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**संभल।** हर घर तिरंगा अभियान के तहत सोमवार को असमोली क्षेत्र में भाजपा जिलाध्यक्ष चौधरी हरेंद्र सिंह के नेतृत्व में भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। खासपुर से तिरंगा यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। यात्रा दुर्गावर स्थित अमित कुमार फौजी स्मारक से होते हुए असमोली पहुंची और इसके बाद सैदपुर जसकोली स्थित शहीद स्मारक पर पहुंचकर समापन हुआ।

तिरंगा यात्रा के दौरान क्षेत्र में देशभक्ति का माहौल नजर आया। हाथों में तिरंगा लेकर शामिल हुए कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों ने 'वंदे मातरम्' और 'भारत माता की जय' के जयकारे लगाए। यात्रा के दौरान विभिन्न स्मारकों पर पहुंचकर अमर शहीदों को नमन किया गया और उनके सम्मान में पुष्प अर्पित किए गए।भाजपा जिलाध्यक्ष चौधरी हरेंद्र सिंह स्वयं मोटरसाइकिल पर सवार होकर तिरंगा यात्रा में शामिल हुए और कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ाया। वहीं गौरव कुमार यादव, प्रांत उपाध्यक्ष, मेरठ प्रांत, अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद उत्तर प्रदेश भी यात्रा में मौजूद रहे। यात्रा में जिला महामंत्री हरिओम शर्मा, मंडल अध्यक्ष रोहित पवार, जिला मंत्री चौधरी सोनू चाहल, असमोली ग्राम प्रधान डोली, भाजपा जिला उपाध्यक्ष जयप्रकाश प्रजापति, असमोली प्रधानपति महावीर सिंह, पंकज शर्मा, शाने आलम समेत बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और स्थानीय लोग मौजूद रहे।भाजपा कार्यकर्ताओं के सहयोग से तिरंगा यात्रा पूरे उत्साह और धूमधाम के साथ निकाली गई। सैदपुर जसकोली स्थित शहीद स्मारक पर अमर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ यात्रा का समापन किया गया।



# पुलिस ने आठ नफर वारण्टी अभियुक्तगणों को किया गिरफ्तार

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**फिरोजाबाद।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा वारण्टी गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुक्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नगर के निकट पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी टूण्डला के कुशल नेतृत्व में थाना टूण्डला पुलिस टीम द्वारा रमेश उर्फ राजाचन्द पुत्र सुमेर सिंह निवासी ग्राम चिरौजी थाना टूण्डला जनपद फिरोजाबाद सम्बन्धित वाद भादवि थाना टूण्डला  हरी सिहं पुत्र पूरन सिहं नि० स्वरुप नगर लवानिया धर्मशाला के सामने लाइनपार थाना टूण्डला सम्बन्धित धारा 138 बी वि०अधि० थाना एपीटीटी प्रकाशवीर उर्फबैध जी पुत्र महाराज सिहं नि० नंगला रामकिशन अम्बेडकर मूर्ति के पास थाना टूण्डला फिरोजाबाद सम्बन्धित वाद थाना एपीटीटी विमल कुमार पुत्र केशव देव नि० नंगला लछू लाईनपार थाना टूण्डला सम्बन्धित वाद थाना टूण्डला, मुखतार अहमद पुत्र मुस्ताख अहमद नि० वैश्य धर्मशाला बल्देव रोड टूण्डला सम्बन्धित वाद थाना एपीटीटी लाल मौहम्मद पुत्र इस्माइल खाँ नि० मस्जिद के पास टूण्डली थाना टूण्डला सम्बन्धित वाद थाना एपीटीटी राजकुमार पुत्र पन्नालाल नि० श्यामलाल कुम्हार ( टाटा अघेरे ) भवन के सामने थाना टूण्डला सम्बन्धित वाद  भादवि थाना टूण्डला मेघ सिंह पुत्र महाराज सिंह निवासी देशी ठेके के पास बसई रोड़ थाना टूण्डला सम्बन्धित वाद 135 वि०अधि० थाना टूण्डला को गिरफ्तार किया गया। उपरोक्त ०8 नफर वारण्टी अभियुक्तगणों के विरूद्ध आवश्यक कार्यवाही कर मा० न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा हैं।




# पुलिस टीम द्वारा वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**फिरोजाबाद।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक नगर के निकट पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी टूण्डला के कुशल नेतृत्व में थाना टूण्डला पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर थाना टूण्डला पर पंजीकृत धारा 1०8 बीएनएस० से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त योगेन्द्र पुत्र रामबाबू निवासी ब्लॉक के पीछे शक्ति नगर थाना टूण्डला जिला फिरोजाबाद को समय ०9.1० बजे शक्ति नगर थाना टूण्डला जिला फिरोजाबाद से गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त योगेन्द्र के विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्यवाही कर मा० न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। पेश किया जाने पर मा. न्यायालय में अपनी बात का जल्द से जल्द कोई भी निस्तारण ही होगा



## सार-संक्षेप

### पुलिस द्वारा शिकायतकर्ताओं के मौके पर किया गया निस्तारण



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**फिरोजाबाद।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आदित्य लांग्हे के निर्देशन में व अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण अपर पुलिस अधीक्षक नगर के पर्यवेक्षण में जनपद में आईजीआरएस के माध्यम से प्राप्त होने वाली जनशिकायतों के समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु चलाया जा रहा है विशेष अभियान इस अभियान के नोडल अधिकारी अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण को नामित किया गया है। विशेष अभियान के अन्तर्गत जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारी एवं समस्त थाना प्रभारियों द्वारा शिकायतकर्ता के मौके पर जाकर किया जा रहा है। शिकायतों का निस्तारण  प्रत्येक क्षेत्राधिकारी अपने सर्किल के थाना क्षेत्र में कम से कम ०1 स्थान व थाना प्रभारी अपने क्षेत्र में कम से कम ०2 स्थानों पर प्रतिदिन मौके पर निस्तारण करेंगे  चलाये गये विशेष अभियान के अन्तर्गत जनपद के समस्त थानों पर प्राप्त शिकायतों में से कुल 39 शिकायतों का किया गया मौके पर निस्तारण विशेष अभियान के अन्तर्गत शिकायतकर्ता को अपनी शिकायत के निस्तारण हेतु नहीं होना पडेगा परेशान फिरोजाबाद पुलिस शिकायतकर्ता के घर मौके पर स्थलीय निरीक्षण कर करेगी शिकायत का समाधान व दोनों पक्षों का फीडबैक लेकर शिकायत के समाधान के सम्बंध में सन्तुष्ट किया जायेगा शिकायतकर्ता को बार-बार थाने अथवा उच्चाधिकारियों के पास पुलिस ऑफिस आने की आवश्यकता नहीं पडेगी, उसकी शिकायत का निस्तारण और बेहतर तरीके से मौके पर हो पायेगा।

### गोकशी के इरादे से घूम रहे चार बदमाश पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार, तीन घायल



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**अलीगढ़।** गभाना थाना पुलिस और क्रिमिनल इंटेलिजेंस विंग नगर की संयुक्त टीम ने पुलिस मुठभेड़ के दौरान चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक, चेकिंग के दौरान सफेद कार को रोकने का प्रयास किया गया, लेकिन कार सवारों ने बैरियर में टक्कर मारकर भागने की कोशिश की और पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। पुलिस ने जवाबी कार्रवाई की, जिसमें तीन आरोपी घायल हो गए। इसके बाद पुलिस ने चारों को गिरफ्तार कर लिया।

आरोपियों के कब्जे से चार अवैध तमंचे .315 बोर, 1० जिंदा और पांच खोखा कारतूस, एक छुरा, एक गंडासा और कार बरामद की गई है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान दिलशाद, अजमत उर्फइकबाल उर्फ मौजी, करूआ उर्फ नौशाद और दानिश, सभी निवासी ग्राम रायट, थाना लोधा, अलीगढ़ के रूप में हुई है। घायल आरोपियों को पुलिस अभिरक्षा में उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा गया। पुलिस के अनुसार, पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे गोकशी का काम करते हैं और इसी उद्देश्य से गभाना क्षेत्र में घूम रहे थे। पुलिस ने बताया कि तीन आरोपी, अजमत, दिलशाद और करूआ उर्फनौशाद थाना लोधा के हिस्ट्रीशीटर हैं।

# माटीकला बोर्ड स्थापना पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**फिरोजाबाद।** खादी ग्रामोद्योग बोर्ड के अंतर्गत माटीकला बोर्ड द्वारा दिनांक 1० अगस्त 2०26 को माटीकला बोर्ड स्थापना के उपलक्ष्य में एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम एवं कार्यक्रम का आयोजन मुख्य अतिथि-धर्मवीर प्रजापति जी, होमगार्ड एवं नागरिक सुरक्षा विभाग (राज्यमंत्री) एवं उदयप्रताप सिंह, जिला अध्यक्ष भाजपा के कर कमलों से किया गया जिसमें अनेक ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान,जिला ग्रामोद्योग अधिकारी, फिरोजाबाद कार्यालय के समस्त स्टाफ, सहकारी समिति सदस्य उपस्थित रहे, माननीय द्वारा माटीकला बोर्ड द्वारा संचालित योजनाओं के बारे ने बताया गया साथ ही माटीकला पंजीकृत 2० कारीगरों को मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि द्वारा प्रमाण पत्र वितरण किए गए, मंत्री द्वारा सभा की संबोधित करते हुए सभी माटीकला के कुंभकार कुम्हार प्रजापति समाज के लोगों को मिट्टी के काम की आगे बढ़ाने अपने रोजगार को ओर बढ़ावा देने के लिए समझाया कार्यक्रम में सभी जनमानस को माटीकला बोर्ड द्वारा चल रही योजनाओं का लाभ लेने के लिए अपने जिले में स्थित जिला ग्रामोद्योग कार्यालय फिरोजाबाद जिला उद्योग केन्द्र से संपर्क करने के लिए कहा साथ ही एक सहकारी समिति के बारे में बताया जिसके लिये माटीकला बोर्ड द्वारा योजना के अंतर्गत 1० लाख अनुदान हेतु दिए जाता है माननीय द्वारा सभी कारीगरों को अपने उत्पाद को अपने जिले के अलावा दूसरे जिले में भी उत्पाद को बेचने तथा प्रचार करने के लिए बताया। माननीय द्वारा उ०प्र० खादी ग्रामोद्योग बोर्ड में संचालित योजनाओं एवं माटीकला बोर्ड द्वारा संचालित योजनाओं के प्रचार-प्रसार करने के लिए जो ब्लॉक, पंचायतों, एवं तहसील स्तर पर एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम किए जा रहे है। उनकी सराहना की।



# अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के रूप में विश्व प्रसिद्ध है इसका नाम

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**अलीगढ़।** सीनियर पार्षद जीनस खान अब्बासी के नेतृत्व में एवं सपा पार्षदगणों एवं अन्य समस्त विपक्षी पार्षदगणों की ओर से अवगत कराना है कि प्रिन्ट मीडिया और सोशल मीडिया के माध्यम से ज्ञात हुआ है कि प्राचीन अलीगढ़ का नाम हरिगढ़ करने हेतु शासन ने प्रशासन से कोई आख्या इस संबंध में मांगी है तो हम आपका ध्यान इस ओर आकर्षित कराना चाहते हैं कि हमारे देश, प्रदेश और शहर के नाना प्रकार के लोग बसते हैं जो भारत को एक गुलदस्ता का रूप देते हैं हम सभी पार्षदगण अलीगढ़ के नाम परिवर्तन का पुरजोर विरोध करते हैं क्योंकि नगर निगम में कभी भी इस तरह का कोई प्रस्ताव नहीं आया है। एक वार सुझाव अवश्य आया था जिसका एक स्वर में सभी विपक्ष के पार्षदों ने इसका विरोध किया था आप के माध्यम से हम प्रदेश की राज्यपाल महोदया और उत्तर प्रदेश सकार से अलीगढ़ जनता की ओर से आपसे अनुरोध करते हैं कि हमारे शहर का नाम जो दो शताब्दियों से निर्विवाद रूप से अलीगढ़ रहा है क्योंकि अलीगढ ताला, तालीम और तहजीब की पहचान रहा है अलीगढ़ का नाम अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के रूप में विश्व प्रसिद्ध है।



# महिलाओं में दिल की बीमारी के इन लक्षणों को न करें नजरअंदाज

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**अलीगढ़।** महिलाओं में दिल की बीमारी के लक्षण कई बार पुरुषों से अलग और कम स्पष्ट होते हैं। अचानक या लगातार थकान, सांस फूलना, पीठ, गर्दन, जबड़े या कंधे में दर्द, मतली और अपच जैसे लक्षणों को गैस या थकान समझकर नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। बीएलके-मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. सुभाष चंद्रा ने बताया कि महिलाओं में हार्ट डिजीज की पहचान कई बार देर से होती है, क्योंकि हमेशा तेज सीने का दर्द होना जरूरी नहीं है। मेनोपॉज के बाद महिलाओं में हृदय रोग का खतरा बढ़ सकता है। डायबिटीज, हाई ब्लड प्रेशर, हाई कोलेस्ट्रॉल, तनाव और गर्भावस्था के दौरान जेस्टेशनल डायबिटीज या प्री-एक्लेम्पसिया भी जोखिम बढ़ा सकते हैं।

डॉ. चंद्रा ने महिलाओं को 4० वर्ष की उम्र के बाद नियमित रूप से ब्लड प्रेशर, शुगर और कोलेस्ट्रॉल की जांच कराने की सलाह दी। संतुलित आहार, नियमित व्यायाम, पर्याप्त नींद, स्वस्थ वजन और तनाव पर नियंत्रण से हृदय को स्वस्थ रखा जा सकता है। असामान्य लक्षण दिखने पर समय पर डॉक्टर से संपर्क करना जरूरी है।



# पंजाबी क्वार्टर्स के पास खड़ी सीएनजी बस में लगी भीषण आग

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**अलीगढ़।** थाना बन्नादेवी क्षेत्र के पंजाबी क्वार्टर्स के पास सोमवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब सरकारी स्कूल के बराबर में खड़ी एक सीएनजी बस में अचानक भीषण आग लग गई। कुछ ही पलों में आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और पूरी बस धू-धूकर जलने लगी। आग की लपटें और धुएं का गुबार देखकर आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया। बताया जा रहा है कि बस पंजाबी क्वार्टर्स के पास खड़ी थी। अचानक बस से धुआं उठता दिखाई दिया और देखते ही देखते उसमें आग की तेज लपटें उठने लगीं। आग लगने के कारणों का फिलहाल स्पष्ट पता नहीं चल सका है। प्रथम दृष्टया आग अज्ञात कारणों से लगना बताया जा रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि पंजाबी क्वार्टर्स क्षेत्र में लंबे समय से अवैध रूप से संचालित एवं खड़ी बसों का जमावड़ा रहता है। लोगों का कहना है कि सरकारी स्कूल के बराबर में इस तरह बसों का खड़ा होना सुरक्षा की दृष्टि से गंभीर चिंता का विषय है। यदि समय रहते आग पर काबू नहीं पाया जाता तो आसपास के क्षेत्र में बड़ा हादसा हो सकता था।

घटना की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम तत्काल मौके पर पहुंची। दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत करते हुए आग पर काबू पाया। हालांकि तब तक आग ने बस को पूरी तरह अपनी चपेट में ले लिया और बस जलकर पूरी तरह राख हो गई। राहत की बात यह रही कि घटना के समय बस में कोई सवार नहीं था, जिससे जनहानि होने से बच गई। बस में आग लगने के बाद मौके पर बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई। पुलिस एवं अग्निशमन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। आग लगने के वास्तविक कारणों का पता लगाने के लिए जांच की जा रही है। घटना के बाद क्षेत्रीय लोगों ने पंजाबी क्वार्टर्स के आसपास खड़ी रहने वाली बसों की व्यवस्था और उनके संचालन को लेकर सवाल खड़े किए हैं। लोगों ने संबंधित विभाग से अवैध रूप से संचालित एवं खड़ी बसों के खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाई करने तथा सरकारी स्कूल के आसपास सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है।



# धामपुर में पीडीए चौपाल में गरजे पूर्व मंत्री रमेश प्रजापति

## पीडीए चौपाल में आगामी चुनाव में सरकार बदलने का लिया गया संकल्प सपा सरकार बनने पर पिछडो का सम्मान होगा रमेश प्रजापति





अमर भास्कर ब्यूरो

धामपुर। विधानसभा क्षेत्र के हसन पुर पालकी मे समाजवादी पार्टी का पीडीए जन संवाद कार्यक्रम आयोजित हुआ मुख्यअतिथी राष्ट्रीय सचिव पूर्व मंत्री रमेश प्रजापति जिलाध्यक्ष हनी फैसल पूर्व विधायक नईम उल हसन का फुलमालाओ से जोरदार स्वागत हुआ पूर्व मंत्री रमेश प्रजापति ने कहाँ की जब तक भाजपा सरकार रहेगी तब तक पिछड़ों दलितों पर अन्याय और अपमान होता रहेगा।

सपा सरकार बनने पर ही पीडीए वर्ग को न्याय मिलेगा और प्रदेश के हर वर्ग का विकास होगा। भाजपा राज में लगातार पिछड़े समाज पर अत्याचार हो रहे है। गरीबों पिछड़ों दलितों पर हत्या बेटियों के दुष्कर्म जमीनों पर कब्जे आम बात हो गयी है। उत्पीड़न करने वाले भाजपा समर्थक हैं। जिसके डर से भाजपा सरकार में पुलिस कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। भाजपा राज में अब हम अत्याचार नहीं सहेंगे। सभी लोग मिलकर मुकाबला करें संघर्ष करें और अपना सम्मान और अधिकार लेकर रहें। सभी मिलकर भाजपा को हटायें और समाजवादी पार्टी की सरकार बनाकर अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनायें तब न्याय मिलेगा। भाजपा राज में मंहगाई, बेरोजगारी, गरीबी अत्याचार भ्रष्टाचार लगातार बढ़ रहा है। इसका शिकार सबसे ज्यादा गरीब पिछड़े दलित समाज के हुए हैं। अब तो पिछड़ो और प्रजापति समाज का भरोसा भाजपा से उठ गया है। समाज से अपील की अब कोई भाजपा को वोट न करें। सभी मिलकर वोट समाजवादी पार्टी को वोट करें और समाजवादी सरकार बनायें। जब तक सपा की सरकार नहीं बनेगी तब तक पीडीए वर्ग को न्याय नहीं मिलेगा। केवल अखिलेश यादव ही पीडीए का दर्द समझते हैं और पीडीए को मदद कर रहे हैं।सब लोग मिलकर अखिलेश यादव को प्रदेश का मुख्यमंत्री बनायें। भाजपा राज में नौजवानों को नौकरी नहीं मिल रही है। भाजपा राज में पिछड़े वर्गों का आरक्षण में बड़ा घोटाला किया गया। प्राइमरी और सरकारी स्कूलों को बन्द करके प्रदेश के गरीबों पिछड़ों दलितों को शिक्षा से वंचित करने की साज़िश चल रही है।शिक्षा आरक्षण और नौकरी रोजगार हमारा मौलिक अधिकार है। भाजपा इसे छीनना चाहती है। समाजवादी सरकार मे प्रजापति समाज को मट्टी के पट्टे टिकट देने की पहल आरक्षण की पैरवी और विधायक मंत्री बनाया था। जिलाध्यक्ष हनी फैसल ने कहाँ की भाजपा संविधान और लोकतंत्र पर हमला कर रही है।बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर ने संविधान में हमें वोट के बराबरी का अधिकार दिया। भाजपा संविधान में दिये अधिकार को छीनना चाहती है। हमें संविधान और लोकतंत्र बचाने के लिये समाजवादी पार्टी को मजबूत करना होगा और समाजवादी सरकार बनानी होगी।

**विधानसभा चुनाव 2027 में यूपी के सीएम होंगे अखिलेश यादवः मोहम्मद रिजवान**

पूर्व मंत्री विधायक नईम उल हसन ने कहाँ की देश में अकेले अखिलेश यादव जी नेता हैं जो संविधान और लोकतंत्र बचाने पीडीए वर्ग को अधिकार दिलाने की लड़ाई लड रहे हैं।हम सभी का कर्तव्य है कि हम सभी उनका साथ दे और समाजवादी पार्टी की सरकार बनायें। जनता बदलाव चाहती है। सभी लोग मिलकर अखिलेश यादव को प्रदेश का मुख्यमंत्री बनायें तभी संविधान और लोकतंत्र बचेगा और प्रदेश की तरक्की होगी। इस मौके पर धामपुर विधानसभा क्षेत्र से समाजवादी पार्टी के संभावित प्रत्याशी मोहम्मद रिजवान, पूर्व विधायक नईम उल हसन, जिला महासचिव धनंजय यादव, जिला सचिव मेरठ नीटू प्रजापति, प्रवक्ता अखलाक पप्पू, महिला जिलाध्यक्ष प्रभा चौधरी, कृपारानी प्रजापति, कमलेश भुईयार, अनिल प्रजापति, अहमद खिजर खान, हाजी जावेद राईन, डॉ कुतेश सैनी, डॉ शमसाद सैफी एड, नमन कुमार, अफाक अहमद रमेश सैनी, राजकुमार प्रजापति, महेश प्रजापति, रवि प्रजापति, युसूफ, वकील अहमद, मो राशिद अयूब अहमद, महफूज सागर अध्यक्षता सोनू प्रधान ने संचालन राजपाल प्रजापति ने किया आदि मौजूद रहे।

### धामपुर विधानसभा क्षेत्र से सपा के संभावित प्रत्याशी हैं मोहम्मद रिजवान

समाजवादी पार्टी के कार्यक्रम में धामपुर विधानसभा क्षेत्र के कर्मठ सक्रिय व संभावित प्रत्याशी मोहम्मद रिजवान ने कहा कि पीडीए के चलते प्रदेश में समाजवादी पार्टी की सरकार बनने जा रही है और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव बनने जा रहे हैं



## गुलदार को रेस्क्यू करते समय वन दरोगा पर हमला, पैर में लगी चोट



**पिंजरे में कैद होने के बाद ग्रामीणों ने ली राहत की सांस**

अमर भास्कर ब्यूरो

अफजलगढ़। ग्राम पंचायत हरेवली में शुक्रवार रात ग्राम प्रधान मोहन सिंह के घर के समीप पिंजरे में कैद गुलदार को रेस्क्यू करने पहुंची वन विभाग की टीम पर गुलदार ने हमला कर दिया।

रेस्क्यू के दौरान वन दरोगा सतवीर सिंह के पैर पर गुलदार ने हमला कर उन्हें घायल कर दिया। घायल वन दरोगा को वनकर्मियों ने तत्काल सीएचसी अफजलगढ़ पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया। वहीं, गुलदार के पिंजरे में कैद होने के बाद ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। रात करीब नौ बजे वन विभाग को सूचना मिली कि हरेवली में ग्राम प्रधान मोहन सिंह के घर के समीप लगाए गए पिंजरे में गुलदार कैद हो गया है। सूचना मिलते ही वन दरोगा सतवीर सिंह वनकर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे। टीम गुलदार को सुरक्षित रेस्क्यू करने की तैयारी कर रही थी। इसी दौरान गुलदार ने अचानक वन दरोगा के पैर पर हमला कर दिया, जिससे वह घायल हो गए। वन दरोगा के घायल होने पर मौके पर मौजूद वनकर्मियों ने उन्हें उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अफजलगढ़ में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया। ग्रामीणों ने बताया कि गुलदार पिछले काफी समय से ग्राम प्रधान के घर के आसपास दिखाई दे रहा था। गुलदार की लगातार मौजूदगी से ग्रामीणों में भय बना हुआ था। ग्रामीणों ने वन विभाग से गुलदार को पकड़ने की मांग की थी। शुक्रवार रात गुलदार के पिंजरे में कैद होने की सूचना मिलते ही ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। वन विभाग की टीम गुलदार को सुरक्षित स्थान पर ले जाने की कार्रवाई में जुटी रही।

## धामपुर शुगर मिल ने कांवड़ियों की सुरक्षा हेतु रानी बाग पुलिस चौकी को 10 लोहे के रोड बैरियर सौंपे

### भोले के भक्तों की सेवा से मिलती है मानसिक शांतिः आशीष शर्मा






अमर भास्कर ब्यूरो

धामपुर। श्रावण मास में कांवड़ यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए धामपुर शुगर मिल के उपाध्यक्ष श्री आशीष शर्मा जी ने आज 10 नए लोहे के रोड बैरियर रानी बाग पुलिस चौकी को सौंपे। श्री आशीष शर्मा जी ने 10 लोहे के बैरियरों को देने के उद्देश्य के बारे में बताया कि श्रावण मास में कांवड़ियों की आवाजाही को सुगम एवं सुरक्षित बनाना है ताकि किसी प्रकार की दुर्घटना की संभावना न रहे। बैरियर सौंपने के अवसर पर रानी बाग पुलिस चौकी प्रभारी श्री प्रदीप खोखर एवं चौकी दीवान श्री धर्मवीर खोखर विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर धामपुर शुगर मिल के कई अधिकारी एवं कर्मचारी भी मौजूद रहे। जिनमें प्रमुख रूप से इंजीनियरिंग हेड श्री अभय शर्मा, श्री सत्यवीर सिंह, श्री मुकेश कश्यप, श्री योगेंद्र सिंह, श्री अरुण चौहान, विनोद बिष्टश्री हारून खान, श्री हिमांशु शर्मा, श्री सुशील शर्मा, श्री दिवाकर गुप्ता, श्री संजीव सिन्हा, श्री जितेंद्र, वीरेंद्र सुपरवाइजर, इमरान ठेकेदार, श्री लविश कुमार, तथा सिक्योरिटी ऑफिसर श्री अजय कुमार पांडेय एवं श्री मनोज चौहान उपस्थित थे। धामपुर शुगर मिल के कारखाना महाप्रबंधक श्री विजय कुमार गुप्ता ने बताया कि उक्त रोड बैरियर प्रभारी निरीक्षक श्री रविंद्र प्रताप सिंह के निर्देशन में मिल के सामाजिक दायित्वों के निर्वहन के अंतर्गत दिए गए है,श्री गुप्ता ने कहा कि धामपुर शुगर मिल सदैव प्रशासन एवं आमजन की सुरक्षा एवं सुविधा के लिए प्रतिबद्ध है।

## राज्य मंत्री चौधरी भूपेंद्र सिंह ने लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की प्रतिमा का किया अनावरण






### रामलीला चौक पर प्रतिमा अनावरण से स्थानीय लोगों में उत्साह का माहौल





अमर भास्कर ब्यूरो

बिजनौर। रामलीला चौराहे पर लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की भव्य प्रतिमा का अनावरण किया गया। मुख्य अतिथि मंत्री चौधरी भूपेंद्र सिंह ने विधिवत रूप से प्रतिमा का अनावरण किया।

शनिवार को बिजनौर की रामलीला चौराहे पर लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की भव्य प्रतिमा का अनावरण करने के पश्चात मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए राज्य मंत्री चौधरी भूपेंद्र सिंह ने कहा कि आज प्रदेश व देश के लोग पूरी तरह से खुशहाल हैं सरकार द्वारा जनकल्याणकारी योजनाओं से सर्व समाज के लोग लंभावनित हो रहे हैं जिसके चलते बहुत तेजी के साथ मतदाता भारतीय जनता पार्टी से जुड़ रहा है। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेंद्र चौहान बॉबी ,नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती इंदिरा सिंह जिला पंचायत अध्यक्ष चौधरी सा केंद्र प्रताप सिंह सहित भाजपा के कई नेता मौजूद रहे। कार्यक्रम में पाल समाज के लोगों ने भी बड़ी संख्या में शिरकत की। प्रतिमा के अनावरण को लेकर स्थानीय लोगों में उत्साह का माहौल देखने को मिला।

## घास की गड्डी उठाते समय युवती को सांप ने डसा, अस्पताल में भर्ती



अमर भास्कर ब्यूरो

अफजलगढ़। थाना क्षेत्र के ग्राम शिवपुरी में खेत से घास की गड्डी उठाते समय एक युवती को सांप ने डस लिया। सांप के डसने से युवती की हालत बिगड़ गई। परिजन उसे आनन-फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अफजलगढ़ लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उपचार किया। उपचार के बाद युवती को घर भेज दिया गया। चिकित्सक के अनुसार उसकी हालत खतरे से बाहर है। ग्राम शिवपुरी निवासी सपना अपनी माता ओमवती देवी के साथ खेत पर घास लेने गई थी। ओमवती देवी ने खेत में घास काटकर उसकी गड्डी बांध ली थी। इसके बाद सपना घास की गड्डी उठाने लगी। इसी दौरान अचानक गड्डी में छिपे सांप ने सपना को डस लिया। सांप के डसने के बाद युवती ने परिजनों को घटना की जानकारी दी। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन घबराकर युवती को उपचार के लिए सीएचसी अफजलगढ़ लेकर पहुंचे। वहां चिकित्सकों ने उसका उपचार शुरू किया। चिकित्सक मोहित कुमार ने बताया कि युवती को आवश्यक उपचार दिया गया। उपचार के बाद उसकी हालत में सुधार होने पर उसे घर भेज दिया गया है। फिलहाल युवती खतरे से बाहर है।

## जुमे का दिन मुस्लिम उम्मत की एकता, माफी और रूहानी तरबियत का अहम दिन हैः मुफ़्ती नबील अहमद रशीदी




अमर भास्कर ब्यूरो

नगीना। मदरसा नाबिनान मस्जिद, नगीना में आयोजित कार्यक्रम में हमारे संवाददाता से विशेष वार्ता करते हुए मुफ्ती नबील अहमद रशीदी ने जुमे की अहमियत और फ़ज़ीलत के बारे में विस्तार से बताया।

उन्होंने कहा कि जुमे का दिन अल्लाह की बहुत बड़ी नेमत है। यह मुसलमानों के लिए हफ्ते की ईद का दिन है और दुआ कबूल होने का खास मौका भी है। उन्होंने बताया कि कुरआन और हदीस में जुमे के दिन की बहुत सी फ़ज़ीलतें बयान की गई हैं। इसलिए हर मुसलमान को इस दिन इबादत, कुरआन की तिलावत, ज़िक्र और दरूद शरीफ़ ज्यादा से ज्यादा पढ़ना चाहिए। मुफ्ती नबील अहमद रशीदी ने कहा कि जुमे का असली पैगाम तक़वा, भाईचारा, एकता और समाज की भलाई है। उन्होंने लोगों से कहा कि जुमे के दिन गुस्ल करें, साफ़ कपड़े पहनें, खुशबू लगाएँ, समय पर मस्जिद पहुँचें और खुत्बा पूरी तवज्जो और खामोशी से सुनें। यही अमल जुमे की बरकतें हासिल करने का ज़रिया हैं। उन्होंने कहा कि आज के दौर में मुस्लिम समाज को आपसी मतभेद, नफ़रत और नैतिक गिरावट से बाहर निकलकर कुरआन और सुन्नत की शिक्षाओं पर चलने की ज़रूरत है। उन्होंने युवाओं को दीन की अच्छी बातें अपनाने, माता-पिता की सेवा करने, पाँचों वक़्त की नमाज़ पढ़ने, अच्छे अख़लाक़ रखने और समाज में भलाई फैलाने की नसीहत दी। आखिर में मुफ्ती नबील अहमद रशीदी ने सभी मुसलमानों से अपील की कि वे शरियत के मुताबिक़ अपनी ज़िंदगी गुज़ारें।

## समाधान दिवस में फरियादियों ने लगाई गुहार, एक शिकायत का मौके पर निस्तारण



**प्रभारी निरीक्षक मृदुल कुमार ने सुनी समस्याएं, शेष शिकायतों के निस्तारण को राजस्व टीम को दिए निर्देश**

अफजलगढ़( अमर भास्कर ब्यूरो)। प्रभारी निरीक्षक मृदुल कुमार सिंह ने कोतवाली में आयोजित समाधान दिवस में लोगों की समस्याओं को सुना। समाधान दिवस के दौरान तीन शिकायतें दर्ज करायी गयी जिनमें से एक शिकायत का मौके पर ही निस्तारण किया गया अन्य शिकायतों का निस्तारण कराने को लेकर लेखपाल व विभागीय अधिकारियों को मौके पर भेजा गया है। शनिवार को कोतवाली प्रांगण में आयोजित समाधान दिवस में प्रभारी निरीक्षक मृदुल कुमार सिंह ने कहा कि पीड़ित को न्याय दिलाना प्रत्येक अधिकारी का कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि यदि किसी विवाद से कोई शांति व्यवस्था भंग होने का अंदेशा है, तो उसकी तत्काल सूचना पुलिस को दें। समाधान दिवस में फरियादियों द्वारा तीन शिकायतें आयी एक शिकायत का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया जबकि अन्य शिकायतों का निस्तारण कराने को लेकर लेखपाल व विभागीय अधिकारियों को मौके पर भेजा गया है। वहीं अफजलगढ़ कस्बा इंचार्ज मनीष कुमार ने कहा कि समाधान दिवस की शिकायतों का निस्तारण शीघ्र ही कराया जायेगा और पीड़ित की हर समस्या को निस्तारण कर समाधान कराया जायेगा। इस अवसर पर एसआई कमल सिंह के आलावा कस्बा इंचार्ज मनीष कुमार, एसआई मनवीर सिंह, एसआई छविनाथ सिंह, एसआई जयवीर सिंह, पूर्व चेयरपर्सन पति सलीम अंसारी एडवोकेट, पूर्व प्रधान रामनाथ सिंह चौहान सहित कानूनगो अफजलगढ़ योगेन्द्र कुमार, कानूनगो कासमपुरगढ़ी नरेश कुमार, लेखपाल गौरव चौहान, लेखपाल अनिरुद्ध चौहान, जितेन्द्र प्रताप सिंह, ऋषिपाल सिंह, नागेन्द्र सिंह, राकेश कुमार,संजीव कुमार, जितेन्द्र कुमार, लेखपाल चंचल रानी, लेखपाल हिमांशु, लेखपाल आश मोहम्मद, लेखपाल दीपेन्द्र कुमार तथा लेखपाल राखी चौहान सहित अधिकांश लेखपाल मौजूद थे।

## भाकियू टिकैत जिला उपाध्यक्ष एवं समाजसेवी सुजीव चौधरी ने भोले के भक्तों को बांटे फल एवं पेय पदार्थ




**समाज सेवी व धार्मिक कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं युवा समाज सेवी सुजीव चौधरी**

अमर भास्कर ब्यूरो

नहटौर। सावन माह के पावन माह मे चल रही कांवड यात्रा मे शिवभक्तो को भाकियू के पदाधिकारीयो ने जल जीरा एंव पानी की बोतल वितरण कर सेवा की। सावन माह के पावन पर्व पर चल रही कावंड यात्रा पर गांव सदरुददीन नगर मे भाकियू के जिला उपाध्यक्ष एंव वरिष्ठ समाजसेवी चौधरी सुजीव कुमार ने जिला सचिव जगत सिंह डबास. की अगुवा ई मे शिवभक्तो को जल जीरे की बोतल पानी की बोतल वितरण कर सेवा की गयी इस समय बोल भोले की बम के जयकारो की गूंज हर ओर हो रही है हर कोई शिवभक्तो की सेवा करने मे लगा हुआ है शिवभक्तो को पैदल चलने मे गर्मी मे भारी परेशानी होती है जिसमे पानी पीने की इच्छा ज्यादा होती है इसी को देखते हुये पानी ओर जल जीरा बांटने की व्यवस्था की गयी। इस दौरान सोनू सैनी, निशु त्यागी, अकिंत त्यागी, अशोक सैनी, नरेन्दु सैनी आलोक डबास, आदेश चौधरी, शिवनाथ सिंह, शेखर कादियान, अरनव चौधरी, शगुन सैनी, विवेक गुप्ता, अनन्त कादियान, वेदान्त कादियान, राहुल कुमार, यश कुमार, सुमित कुमार, दीपक कुमार, हिमांशु कुमार, पिन्टू कुमार आदि का भरपूर सहयोग रहा।

# अंतरिक्ष से आया भारत-रूस दोस्ती का संदेश हाथ में थामा तिरंगा

भारत के 80वें स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों के बीच अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पर मौजूद रूसी अंतरिक्ष यात्रियों ने भारतीयों को खास शुभकामनाएं दीं। उन्होंने हाथ में तिरंगा लेकर भारत और रूस के बीच अंतरिक्ष क्षेत्र में लंबे समय से चली आ रही साझेदारी को रेखांकित किया। एक वीडियो संदेश में रूसी अंतरिक्ष यात्रियों ने भारत को बधाई दी। इसमें मॉस्को तथा नई दिल्ली के बीच दशकों से चले आ रहे सहयोग को याद किया गया। उन्होंने अंतरिक्ष क्षेत्र को दोनों देशों के संबंधों का अहम आधार बताया। अंतरिक्ष यात्री प्योत्र दुब्रोव ने कहा, प्रिय दोस्तों, आज भारत गणराज्य अपना 80वां स्वतंत्रता दिवस मना रहा है। उन्होंने भारतीय लोगों के लिए शांति और समृद्धि की कामना की। रूसी अंतरिक्ष यात्रियों ने स्वतंत्रता दिवस को मानव अंतरिक्ष उड़ान की एक महत्वपूर्ण उपलब्धि से भी जोड़ा। उन्होंने कहा कि इस साल सोवियत अंतरिक्ष यात्री यूरी गागरिन के अंतरिक्ष में जाने के 65 साल भी पूरे हो रहे हैं। गागरिन अंतरिक्ष में जाने वाले दुनिया के पहले व्यक्ति थे। गागरिन नवंबर 1961 में भारत आए थे। वह भारत और सोवियत संघ के बीच मजबूत होते संबंधों के शुरुआती प्रतीकों में शामिल रहे। रूसी अंतरिक्ष यात्रियों ने भारत के बारे में उनकी चर्चित टिप्पणी का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा था कि भारत अंतरिक्ष से खूबसूरत दिखाई देता है, लेकिन धरती पर यह सच्चे दोस्तों का घर होने के कारण और भी खूबसूरत है। रूस के अंतरिक्ष सहयोग के लंबे इतिहास का भी जिक्र किया। यह सहयोग 1975 में सोवियत संघ द्वारा आर्यभट्ट, भारत के पहले उपग्रह, के प्रक्षेपण के साथ शुरू हुआ था। इसके करीब एक दशक बाद 1984 में राकेश शर्मा सोवियत अंतरिक्ष यान सोयुज टी-11 से अंतरिक्ष में जाने वाले पहले भारतीय बने। इस उपलब्धि ने दोनों देशों के संबंधों को और मजबूत किया।



अंतरिक्ष यात्री अन्ना किकिना ने कहा कि भारत और रूस की साझेदारी अब भारत के गगनयान मानव अंतरिक्ष उड़ान कार्यक्रम के साथ एक नए चरण में पहुंच गई है। गगनयात्री के नाम से जाने जाने वाले भारतीय अंतरिक्ष यात्रियों ने देश के पहले मानवयुक्त मिशन की तैयारी के लिए रूस के यूरी गागरिन कॉस्मोनॉट ट्रेनिंग सेंटर में प्रशिक्षण लिया है।

# 15 अगस्त की तैयारियों को लेकर बनाई रणनीति

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**मथुरा।** मथुरा-वृंदावन महानगर कांग्रेस कमेटी की बैठक महानगर कांग्रेस कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता महानगर अध्यक्ष पं. यतेंद्र मुकद्दम ने की। इस दौरान 15 अगस्त को होने वाले स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रमों की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई। पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को कार्यक्रमों के सफल आयोजन के लिए अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गईं।



महानगर अध्यक्ष पं. यतेंद्र मुकद्दम ने बताया कि स्वतंत्रता दिवस के दिन सुबह 6 बजे होली गेट से भव्य प्रभात फेरी निकाली जाएगी। प्रभात फेरी भक्ति वेदांत, मंडी चौक बाजार और विश्राम घाट होते हुए वापस होली गेट पहुंचेगी। उन्होंने बताया कि इसमें कांग्रेस के पदाधिकारी और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शामिल होकर देशभक्ति का संदेश देंगे। प्रभात फेरी के समापन के बाद महानगर कांग्रेस कार्यालय पर राष्ट्रध्वज फहराया जाएगा। कांग्रेस नेताओं के अनुसार, स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर पार्टी कार्यालय में ध्वजारोहण की परंपरा करीब छह दशकों से चली आ रही है। ध्वजारोहण के बाद कार्यालय परिसर में परंपरागत रूप से कचौड़ी-जलेबी के नाश्ते का आयोजन भी किया जाएगा। स्वतंत्रता दिवस समारोह के दौरान महानगर कांग्रेस कमेटी की ओर से पार्टी के वरिष्ठ एवं बुजुर्ग कांग्रेसजनों को सम्मानित किया जाएगा। संगठन का कहना है कि इन वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने लंबे समय तक कांग्रेस को मजबूत करने के साथ जनसेवा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। बैठक में स्वतंत्रता संग्राम और कांग्रेस के ऐतिहासिक योगदान को भी याद किया गया। पं. यतेंद्र मुकद्दम ने सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से 15 अगस्त के कार्यक्रमों में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील की।

बैठक में वरिष्ठ उपाध्यक्ष मुकीम कुरैशी, वीरेंद्र सिंह शिसौदिया, प्रभारी महामंत्री कार्यालय राजू फारूकी, राहुल चतुर्वेदी, दुर्गेश बघेल, अनामधन तिवारी, मोहम्मद सलमान, जितेंद्र सिंह ससौदिया, सुकुमार गौतम 'बंटी', आशीष अरोड़ा और निशांत शर्मा 'निक्की' सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस अभियान का किया शुभारंभ



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**मथुरा।** जिले में स्वास्थ्य विभाग द्वारा मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ राधा बल्लभ के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम के अन्तर्गत सोमवार 10 अगस्त को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस अभियान शुरू हो गया। अभियान का शुभारंभ उच्च प्राथमिक विद्यालय महावन विकासखंड- बलदेव, जनपद- मथुरा में मुख्य चिकित्सा अधिकारी की उपस्थित बच्चों को एलबेंडाजोल की गोली खिलाकर किया गया। शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित निजी एवं सरकारी विद्यालयों और आंगनवाड़ी केन्द्रों पर बच्चों को अल्बेंडाजोल की गोली खिलाई गई। जो बच्चे किसी कारण वश दवा खाने से छूट जाएंगे उन्हें 14 अगस्त को मॉप-अप राउंड के दौरान दवा खिलाई जाएगी। उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. आलोक कुमार ने बताया कि एक से 19 वर्ष तक के बच्चों व किशोर-किशोरियों में कृमि संक्रमण होने की आशंका रहती है। कृमि संक्रमण के कारण कुपोषण भी हो जाता है। पेट के कीड़े संक्रमित व्यक्ति के शरीर से पोषण लेते है, इसके कारण अच्छा पौष्टिक भोजन देने के बाद भी बच्चा कुपोषित रहता है। इसलिए सभी जनपदवासियों से अपील है कि वह अपने एक से 19 वर्ष तक के बच्चों व किशोर-किशोरियों को 10 अगस्त को चलने वाले राष्ट्रीय कृमि मुक्ति अभियान के दौरान अल्बेंडाजोल की दवा जरूर खिलाएं। कृमि मुक्ति अभियान बच्चों को स्वस्थ रखने की दिशा में एक कदम हैं। अभियान को सफल बनाने के लिए सभी का सहयोग महत्वपूर्ण है। जिला सामुदायिक प्रक्रिया समन्वयक डॉ. पारुल शर्मा ने बताया कि इस अभियान को आशा, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और स्कूलों के सहयोग से चलाया जायेगा। 01 से 05 वर्ष तक के सभी पंजीकृत बच्चों को, 6 से 19 वर्ष तक के स्कूल न जाने वाले बच्चों, ईट भट्टों पर कार्य करने वाले और घुमन्तू लाभार्थियों को आंगनवाड़ी केन्द्रों पर आंगनवाड़ी कार्यकर्त्ता के माध्यम से दवा खिलाई जाएगी। इसके अलावा सभी सरकारी, सहायता प्राप्त और निजी स्कूलों, मदरसों में शिक्षकों के माध्यम से और किशोर जुबेनाइल होम में प्रभारी अधीक्षक के माध्यम से 06 से 19 वर्ष तक के बच्चों को दवा खिलाई जाएगी।

डा. अनुज चौधरी उपमुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि अभियान के बाद 14 अगस्त को जनपद में मॉप अप राउंड चलाया जाएगा। इसमें स्कूलों और आंगनवाड़ी केंद्रों पर कृमि मुक्ति दिवस के दिन जो लाभार्थी बच्चे अनुपस्थित रहने या किन्हीं अन्य कारणों से दवा खाने से वंचित रह जायेंगे। उनकी सूची तैयार कर मॉप अप राउंड में दवा खिलाई जाएगी। इस अवसर पर डॉ वी एस सिसोदिया,चिकित्सा अधीक्षक बल्देव, विवेक कुमार बीपीएम बल्देव विद्यालय की प्रधानाचार्य श्रीमति ज्योति दीक्षित, अध्यापिका श्रीमती प्राची शर्मा, रेखा शर्मा, दीपमाला, पिंकी कुमार रामवीर, कोमल प्रसाद, रिंकी, चित्रा रावत आदि उपस्थित रहे।

### मथुरा-वृंदावन में 63 अवैध कॉलोनियों पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**मथुरा।** मथुरा-वृंदावन विकास प्राधिकरण ने अवैध कॉलोनियों और अनाधिकृत निर्माणों के खिलाफअपने अभियान को और तेज कर दिया है। बिना स्वीकृत नक्शे और लेआउट के कॉलोनियां विकसित कर लोगों को प्लॉट बेचने वाले कॉलोनाइजरों पर प्राधिकरण का शिकंजा लगातार कसता जा रहा है। प्राधिकरण ने 24 अनाधिकृत कॉलोनियों (क्षेत्रफल करीब 33.04 हेक्टेयर, लागत लगभग 164.20 करोड़ रुपये) के खिलाफकार्रवाई की थी। इस साल कार्रवाई ने और तेजी पकड़ी है और महज सात महीनों में 39 अनाधिकृत कॉलोनियों (क्षेत्रफल करीब 41.99 हेक्टेयर, लागत लगभग 209.95 करोड़ रुपये) पर बुलडोजर चलाया गया। पिछले वर्ष की तुलना में वर्ष 2026 में ध्वस्तीकरण की कार्रवाई में 62.50 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। एमवीडीए उपाध्यक्ष लक्ष्मी नागप्पन ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि अवैध निर्माण और कॉलोनियों पर शुरुआती स्तर पर ही रोक लगाई जाए ताकि मामलों को लंबित न रखना पड़े। प्राधिकरण ने आम नागरिकों से अपील की है।

# साध्वी ऋतंभरा के सरहद पर राखी अभियान के 25 वर्ष पूर्ण

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**मथुरा।** जिले में देश की सीमाओं पर तैनात वीर सैनिकों के सम्मान में साध्वी ऋतंभरा दीदी जी द्वारा पिछले 25 वर्षों से लगातार चलाए जा रहे ष्सरहद पर राखी भेजो अभियान का वार्षिक कार्यक्रम रविवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिला महामंत्री आकाश चौधरी उपस्थित रहे। उन्होंने भूतेश्वर महादेव मंदिर परिसर में झंडा फहराकर और हरी झंडी दिखाकर इस भव्य रैली को रवाना किया। चढ़कर हिस्सा लिया। हाथों में तिरंगा और सिर पर केसरिया पट्टी बांधे छात्राओं की टोली ने भारत माता की जय और वंदे मातरम के गगनभेदी नारों के साथ भूतेश्वर से गोवर्धन चौराहे तक मार्च किया। इस दौरान पूरे मार्ग में देशभक्ति का अभूतपूर्व और उत्साहजनक माहौल देखने को मिला। आयोजकों ने बताया कि इस देशव्यापी अभियान के तहत देश के कोने-कोने से एकत्रित की गई पवित्र राखियां सीमा पर तैनात भारतीय सेना के जवानों को भेजी जाएंगी, ताकि त्योहार के पावन अवसर पर वे घर-परिवार से दूर होने पर भी अपनों के स्नेह और पर्व के अहसास से जुड़े रहें। इस अवसर पर साध्वी ऋतंभरा संस्थान के पदाधिकारी, मातृशक्ति और बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता व गणमान्य लोग मौजूद रहे, जिन्होंने छात्राओं के इस जज्बे और देशभक्ति की भावना की भरपूर सराहना की।



# श्रीकृष्ण जन्मभूमि मुक्ति आंदोलन स्वामी घाट पर हुई बैठक

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**मथुरा।** श्रीकृष्ण जन्मभूमि मुक्ति दल एवं श्रीभगवान परशुराम शोभायात्रा समिति के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को स्वामी घाट स्थित सयमन तीर्थ स्थल पर यमुना पूजन के उपरांत श्रीकृष्ण जन्मभूमि मुक्ति आंदोलन को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में संत समाज और विभिन्न सामाजिक व धार्मिक संगठनों के पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया।



इस दौरान आगामी 14 सितंबर 2026 को दिल्ली के जंतर-मंतर पर प्रस्तावित आंदोलन की तैयारियों और रणनीति पर व्यापक विचार-विमर्श किया गया। वक्ताओं ने जोर दिया कि आंदोलन केवल भावनात्मक नारों तक सीमित न रहकर स्पष्ट उद्देश्यों, ठोस मांगों और लोकतांत्रिक-संवैधानिक तरीकों पर आधारित होना चाहिए। श्रीकृष्ण जन्मभूमि मुक्ति दल के राष्ट्रीय प्रवक्ता मुकेश कुमार शर्मा ने कहा कि केवल कारसेवा की घोषणाएं करने के बजाय सरकार से धार्मिक स्थलों से जुड़े मामलों के स्थायी समाधान के लिए आवश्यक कानून बनाने की पुरजोर मांग उठाई जानी चाहिए, श्री भगवान परशुराम शोभायात्रा समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित राम गोपाल शर्मा ने कहा कि आंदोलन की सफ्लता के लिए निरंतर जनजागरण और वैधानिक व्यवस्था की मांग जरूरी है। बैठक में सर्वसम्मति से श्रीकृष्ण जन्मभूमि सहित अन्य धार्मिक स्थलों के विवादों के समाधान के लिए विशेष कानून बनाना। वक्फअधिनियम को समाप्त करना। गौ माता को श्राष्ट्र माता घोषित कर सख्त गौ संरक्षण कानून लागू करना। मठ-मंदिरों को सरकारी नियंत्रण से मुक्त करना और सनातन बोर्ड का गठन करना। पूजास्थल से जुड़े कानून, आरक्षण व्यवस्था और एससी-एसटी कानूनों के कथित दुरुपयोग पर पुनर्विचार करना, जैसे प्रमुख मांगें रखी गईं। श्री वामन भगवान महोत्सव समिति के महामंत्री अर्जुन पंडित ने बताया कि सर्वजन सनातन पार्टी और श्रीकृष्ण जन्मभूमि मुक्ति दल के बैनर तले 14 सितंबर को होने वाले इस आंदोलन को सफल बनाने के लिए संपर्क अभियान चलाया जाएगा। बैठक में संत समाज, युवाओं और सनातन प्रेमियों से इस आंदोलन में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील की गई।

# सनसिटी हाईटेक प्रोजेक्ट पर बढ़ा विवाद

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**मथुरा।** सनसिटी हाईटेक प्रोजेक्ट को लेकर जिले में विवाद लगातार गहराता जा रहा है। सोमवार को बड़ी संख्या में किसानों और ग्रामीणों ने लाल झंडों के साथ मथुरा-वृन्दावन विकास प्राधिकरण (एमवीडीए) कार्यालय पर प्रदर्शन कर जांच की मांग उठाई। मामले को लेकर प्रशासनिक स्तर पर भी हलचल तेज हो गई है।




प्रदर्शन के दौरान छटीकरा और जैत क्षेत्र के किसानों का एक प्रतिनिधिमंडल एमवीडीए कार्यालय पहुंचा और अधिकारियों को विस्तृत ज्ञापन सौंपा। किसानों का नेतृत्व नरेंद्र सिंह, श्याम, दीवान सिंह और प्रेमबाबू ने किया। किसानों ने आरोप लगाया कि सनसिटी हाईटेक प्रोजेक्ट्स प्रा. लि. और इसके हाउसिंग प्रोजेक्ट 'सनसिटी अनन्तम' के माध्यम से प्रशासनिक मिलीभगत के चलते नियम-कानूनों को दरकिनार कर किसानों की जमीनें हड़पी गईं। उनका कहना है कि वर्ष 2005 में 10 लाख आबादी के मानक पूरे न होने के बावजूद कंपनी को चयन पत्र जारी कर दिया गया और मात्र 11 दिनों में सहायक कंपनी बनाकर जमीनों को सस्ते दामों में लेने का समझौता कर लिया गया। ज्ञापन में यह भी आरोप लगाया गया कि भूमि अधिग्रहण अधिनियम की धारा 4 और 17 का इस्तेमाल कर अधिग्रहण का माहौल बनाया गया, लेकिन लंबे समय तक धारा 6 का प्रकाशन नहीं किया गया। बाद में वर्ष 2015 में योजना को कालबाधित बताकर रद्द कर दिया गया, जबकि इस बीच कंपनी ने सीधे किसानों से कम कीमत पर जमीन खरीद ली। किसानों ने यह भी कहा कि वर्ष 2007 में अपर जिलाधिकारी द्वारा कंपनी को स्टाम्प शुल्क में छूट के लिए अपात्र घोषित किए जाने के बावजूद एमवीडीए ने वर्ष 2012 तक प्रमाण पत्र जारी किए। इसके अलावा चकबंदी विभाग पर भी नियमों के उल्लंघन करते हुए कंपनी के नाम पर दाखिल-खारिज करने का आरोप लगाया गया। ज्ञापन में एक ही पते पर कई कंपनियों के पंजीकरण, एक ही प्रतिनिधि के नाम पावर ऑफ अटॉर्नी के उपयोग तथा अनुसूचित जाति के लोगों की जमीन खरीद से जुड़े अनुमति पत्रों की गहन जांच की मांग की गई है। किसान प्रतिनिधियों ने मांग की है कि सनसिटी हाईटेक प्रोजेक्ट्स प्रा. लि. और संबंधित अधिकारियों के खिलाफपद के दुरुपयोग और धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज किया जाए। साथ ही कंपनी का पंजीकरण निरस्त कर प्रभावित किसानों को उनकी मूल जमीन वापस दिलाई जाए।

# रंगेश्वर महादेव मंदिर में हुआ महारुद्राभिषेक

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**मथुरा।** पवित्र सावन माह के पावन अवसर पर रंगेश्वर महादेव मंदिर में भव्य महारुद्राभिषेक का आयोजन क्पूर्ण विधि-विधान और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ संपन्न हुआ। इस धार्मिक अनुष्ठान में स्थानीय भक्तों एवं मित्र मंडली ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और देवाधिदेव महादेव का आशीर्वाद प्राप्त किया। धार्मिक अनुष्ठान का शुभारंभ मुख्य पुजारी लालूराम एवं पंडित श्याम बिहारी के आचार्यत्व में संपन्न हुआ। आचार्यों द्वारा कराए गए वैदिक मंत्रोच्चार और हर-हर महादेव के जयकारों से पूरा मंदिर परिसर शिवमय हो उठा। श्रद्धालुओं ने भगवान रंगेश्वर महादेव का जल, दूध, दही, शहद, घी, गंगाजल एवं बेलपत्र से अभिषेक कर विश्व कल्याण और सुख-समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर मुख्य रूप से भगत मोनू बंसल, हर्षित अग्रवाल, कुश वालिया, सुशील स्टूडियो, लखन यादव, अमर सैनी, सोनू नागर, अंशुल मास्टर, अमन शुक्ला एवं समस्त मित्र मंडली उपस्थित रही। कार्यक्रम के अंत में भगवान भोलेनाथ की भव्य आरती उतारी गई और उपस्थित सभी श्रद्धालुओं में प्रसाद वितरण किया गया। महारुद्राभिषेक के दौरान पूरा वातावरण भक्ति भाव से सराबोर नजर आया।



# जर्मनी में भारतीय छात्र गिरफ्तार, अमेरिका में प्रेमिका की हत्या का आरोप

**जर्मनी।** अमेरिका के एरिजोना में अपनी प्रेमिका की हत्या के आरोपी भारतीय छात्र को जर्मनी में गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस के मुताबिक, आरोपी हत्या के बाद अमेरिका से भारत भागने की कोशिश कर रहा था। वह जर्मनी पहुंचा, लेकिन वहां से आगे की उड़ान लेने से पहले ही उसे गिरफ्तार कर लिया गया। 20 वर्षीय वरुण बाचिगरी एरिजोना विश्वविद्यालय में बिजनेस एनालिटिक्स का छात्र था। उस पर 19 वर्षीय जुलिसा रूबी सालाजार की हत्या का आरोप है। पुलिस के अनुसार, 6 अगस्त को टक्सन स्थित एक अपार्टमेंट में सालाजार की हत्या की गई थी। टक्सन पुलिस विभाग के अनुसार, हत्या के बाद बाचिगरी टक्सन इंटरनेशनल एयरपोर्ट पहुंचा। उसने जर्मनी की उड़ान पकड़ी थी और वहां से भारत जाने की योजना थी। इसी बीच जांचकर्ताओं ने उसके खिलाफ पहले दर्जे की हत्या और अपहरण के आरोप में गिरफ्तारी वारंट जारी कर दिया। टक्सन पुलिस, एफबीआई के टक्सन कार्यालय और बर्लिन स्थित एफबीआई लीगल अटैचे कार्यालय के बीच समन्वय के बाद जर्मनी में उसके खिलाफकार्रवाई की गई। पुलिस के मुताबिक, जर्मनी पहुंचते ही बाचिगरी को हिरासत में ले लिया गया और वह आगे भारत के लिए यात्रा नहीं कर सका। जांच में पुलिस को पता चला कि हत्या के बाद आरोपी ने कथित तौर पर सालाजार का मोबाइल फोन और क्रेडिट कार्ड अपने पास रख लिए थे। इसके बाद उसने सालाजार की मां को कई मैसेज भेजे। पुलिस का आरोप है कि उसने सालाजार बनकर ये संदेश भेजे, ताकि परिवार को लगे कि वह जीवित है और हत्या की जानकारी छिपाई जा सके। इन संदेशों से सालाजार के परिवार को संदेह हुआ। परिवार की चिंता के बाद पुलिस ने उसके अपार्टमेंट में जाकर हालचाल जानने के लिए जांच की। वहां अधिकारियों को सालाजार का शव मिला। नीय मीडिया के अनुसार, 6 अगस्त की शाम करीब चार बजे टक्सन फायर डिपार्टमेंट को अपार्टमेंट में कार्डियक अरेस्ट की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंची टीम ने सालाजार को फर्श पर मृत पाया। उसके शरीर पर एक कंबल गर्दन तक खींचा हुआ था। फायर विभाग के कर्मचारियों ने उसके गले पर गला दबाने के निशान और खरोंचें देखीं। इसके बाद उन्होंने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मामले की हत्या के रूप में जांच शुरू की। गिरफ्तारी वारंट में आरोपी के खिलाफ पहले के हिंसक व्यवहार से जुड़े आरोपों का भी उल्लेख है। जांचकर्ताओं के मुताबिक, बाचिगरी के खिलाफ पहले यूनिवर्सिटी ऑफ एरिजोना पुलिस विभाग ने एक मारपीट के मामले की जांच की थी। पुलिस से बातचीत में कुछ गवाहों ने बताया कि सालाजार ने 2025 के आखिर में बाचिगरी के साथ समस्याओं के बाद उससे अलग रहना शुरू कर दिया था। वह कथित तौर पर यह रिश्ता खत्म करना चाहती थी। गवाहों ने उसके साथ आरोपी के कथित घरेलू हिंसक व्यवहार का भी जिक्र किया। वारंट में कई गवाहों के ऐसे बयान शामिल हैं, जिनमें बाचिगरी के कथित हिंसक व्यवहार का आरोप लगाया गया है। एक महिला ने जांचकर्ताओं को बताया कि एक हैलोवीन पार्टी के दौरान बाचिगरी ने उसके साथ कथित तौर पर यौन हमला किया था। हालांकि, उसने उस समय इस मामले की शिकायत पुलिस में नहीं की थी।



फेडरल रिकॉर्ड के मुताबिक, हत्या के समय बाचिगरी का अमेरिका में इमिग्रेशन स्टेटस वैध था। हालांकि, रिपोर्टों में कहा गया है कि उसे एरिजोना विश्वविद्यालय से निष्कासित किया जा चुका था।

स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक अजरा परवीन द्वारा वेदवीर प्रिन्टर्स, विद्यापीठ पुरम् सिविल लाइन, बदायूं से मुद्रित एवं कार्यालय अमर भास्कर निकट रीजेन्सी होटल लावेला चौक, बदायूं (उ.प्र.) से प्रकाशित। **संपादकः अबरार अहमद** (इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन हेतु पी.आर.बी. की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी)। समस्त विवाद बदायूं न्यायालय के अधीन होगें। मोबाइल नं. 9411214614, ई-मेल: amarbhashkar21@gmail.com, RNI No.:- UPHIN/2023/91022